दैनिक

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर

# बढ़ता राजस्थान

RNI NO. RAJHIN/2010/35060

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 16 | अंक : 87 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00

जयपुर। गुरुवार, 29 जनवरी 2026 । माघ माह, शुक्ल पक्ष एकादशी, संवत्-2082

भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## महाराष्ट्र डिप्टी CM अजित पवार का प्लेन क्रैश में निधन

# उप मुख्यमंत्री अजित पवार और चार अन्य की मौत, 16 साल पुराना था विमान

**अजित पवार के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी समेत कई लोगों ने जताया दुख**

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई, (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार की विमान दुर्घटना में मौत के बाद देशभर में शोक की लहर है. इसी बीच उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने गहरा दुख जताते हुए कहा कि आज महाराष्ट्र पर मानो दुख का पहाड़ टूट पड़ा है. उन्होंने कहा कि सुबह वे मुख्यमंत्री और राज्यपाल के साथ बारामती जाकर लौटे, जहां परिवार से मुलाकात भी हुई. अभी भी यकीन नहीं हो रहा कि अजीत दादा नहीं रहे.

शिंदे ने कहा कि राजनीति में वे मुझसे वरिष्ठ थे, वे 27 साल की उम्र से राजनीति में आ गए थे, इसलिए लोग उन्हें दादा बुलाते थे. आज महाराष्ट्र का दादा नहीं रहा. शिंदे ने बताया कि परिवार से मुलाकात हुई, उनके बेटे, पत्नी, शरद पवार, सुप्रिया सुले सभी मौजूद थे. ईश्वर उनके परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति दे.

शिंदे ने पश्चिम बंगाल सीएम ममता बनर्जी के बयान पर कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में राजनीति करना बेहद अनुचित है. उन्होंने कहा कि यह राजनीति करने का समय नहीं है. राज्य के उपमुख्यमंत्री की मृत्यु हुई है. ऐसे समय में राजनीतिक बयान देना बेहद दुखद है. शरद पवार पहले ही कह चुके हैं, और मैं भी यही कहूंगा. इस घटना पर राजनीति न की जाए. यह अजित दादा के परिजनों के दुख पर नमक छिड़कने जैसा है। यह हादसा तकनीकी है या कुछ और, यह जांच से सामने आएगा. लेकिन जब कोई बाहर से इस तरह के बयान देता है।





### बारामती में फडणवीस और शिंदे ने सुनेत्रा पवार से की मुलाकात



महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बारामती में अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार से मुलाकात की. अजित पवार का आज सुबह बारामती एयरपोर्ट पर लैंडिंग के वक्त एक विमान दुर्घटना में निधन हो गया।

### मैंने एक विशाल हृदय वाला साहसी मित्र खो दिया- देवेंद्र फडणवीस

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अजित पवार को भावुक श्रद्धांजलि दी है. उन्होंने 'X' पर पोस्ट में लिखा, 'दादा अब हमारे बीच नहीं रहे. मेरे प्रिय मित्र और सहयोगी, जन-जन से गहरा जुड़ाव रखने वाले जननेता, उपमुख्यमंत्री अजित दादा पवार का विमान हादसे में निधन हो गया. यह समाचार अत्यंत चौंकाने वाला और हृदयविदारक है. मैं स्तब्ध हूं. इस पीड़ा को शब्दों में व्यक्त करना मेरे लिए संभव नहीं है. मैंने एक विशाल हृदय वाले, साहसी मित्र को खो दिया है. यह मेरे लिए एक दुखद और व्यक्तिगत क्षति है, जिसकी भरपाई कभी नहीं हो सकती. प्रिय दादा को मैं अपनी विनम्र और हृदय की गहराइयों से श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं. उनके पूरे परिवार और एनसीपी परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं. इस दुःख और कठिन समय में हम सभी उनके साथ खड़े हैं. इस दुर्घटना में चार अन्य लोगों की भी जान गई है. उनके परिवारों के प्रति भी मेरी हार्दिक संवेदनाएं. हम उनके साथ हैं. मैंने अपने सभी निर्धारित कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं और बारामती जा रहा हूं. ॐ शांति।

### अंतिम दर्शन के लिए शाम 5 बजे बारामती में रखा जाएगा अजित पवार का पार्थिव शरीर

अजित पवार के पार्थिव शरीर को आज शाम 5:00 बजे से अंतिम दर्शन के लिए बारामती में उनके आवास पर रखा जाएगा. यहीं पर लोग उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि देंगे. अंतिम यात्रा कल सुबह 9:00 बजे शुरू होगी. अंतिम संस्कार और अंत्येष्टि सुबह 11:00 बजे बारामती के विद्या प्रतिष्ठान मैदान में संपन्न की जाएगी।

### अजित पवार का कल बारामती में होगा अंतिम संस्कार

मुंबई से बारामती जा रहे अजित पवार विमान का लैंडिंग के वक्त बारामती में क्रैश हो गया. इस दुर्घटना में विमान में मौजूद सभी पांच लोगों की मौत हो गई. अजित के निधन के उनके समर्थकों का बुरा हाल है।

### बारामती अस्पताल के बाहर जुटा लोगों का हुजूम

बारामती में अस्पताल के बाहर सैकड़ों लोग जमा हो गए हैं, जहां एनसीपी नेता अजीत पवार की विमान दुर्घटना में मौत हो गई थी. मौके पर अजित पवार के चाचा शरद पवार, सुप्रिया सुले और उनकी फैमिली के कई लोग पहुंचे हैं. मौके पर पहुंचने के बाद सभी लोग बेहद इमोशनल नजर आए।

### कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को राहत, नागरिकता को चुनौती देने वाली याचिका खारिज



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को बड़ी राहत मिली है. लखनऊ की एमपी-एमएलए कोर्ट ने राहुल गांधी की ब्रिटिश नागरिकता को लेकर एफआईआर दर्ज करने वाली याचिका खारिज कर दी।

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को बड़ी राहत मिली है. लखनऊ की एमपी-एमएलए कोर्ट ने राहुल गांधी की ब्रिटिश नागरिकता को लेकर एफआईआर दर्ज करने वाली याचिका खारिज कर दी। अदालत ने आठ दिन तक चली याचिका पर लगातार सुनवाई के बाद याचिका को खारिज कर दिया. याचिका में राहुल गांधी को ब्रिटिश नागरिक बताते हुए गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई थी. कोर्ट ने याचिका को समय की बर्बादी बताया। लखनऊ के एमपी एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश आलोक वर्मा ने आठ दिनों तक चली सुनवाई के बाद याचिका खारिज कर दी. कर्नाटक के एस विग्नेश शिशिर ने कांग्रेस नेता और रायबरेली सांसद राहुल गांधी पर रायबरेली की एमपी एमएलए कोर्ट में याचिका दायर की थी।

## राज्यपाल ने गहलोत राज के 9 बिल लौटाए

# ऑनर किलिंग-मॉब लिंचिंग के खिलाफ बिलों को वापस भेजा, 2 प्राइवेट यूनिवर्सिटी के विधेयक भी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने पिछली कांग्रेस सरकार के दौरान पारित हुए 9 विधेयक (बिल) अलग-अलग कारणों से विधानसभा को लौटा दिए। राज्यपाल ने इन बिलों के कानूनी पहलुओं पर सवाल उठाते हुए वापस भेजा है। ये बिल साल 2019 से लेकर 2023 में पारित करवाए गए थे। वहीं, वसुंधरा राजे के पहले कार्यकाल के दौरान साल 2008 में पारित एक बिल भी लौटाया है। पिछली गहलोत सरकार के दौरान साल 2019 में ऑनर किलिंग और मॉब लिंचिंग के खिलाफ पारित दोनों बिल फिर से विचार करने के लिए लौटाए हैं। ऑनर किलिंग पर



उम्रकैद और पांच लाख जुर्माने का प्रावधान था। मॉब लिंचिंग पर भी कड़ी सजा का प्रावधान किया गया था। इन दोनों बिलों के कई प्रावधान पहले आईपीसी में थे। राज्यपाल ने इन बिल के प्रावधान केंद्रीय कानूनों से टकराने के कारण लौटाए हैं। गहलोत राज में पारित दो प्राइवेट यूनिवर्सिटी के बिल के प्रावधानों पर सवाल उठाते हुए लौटाया है। वसुंधरा राजे सरकार में पारित राजस्थान धर्म स्वातंत्र्य विधेयक-2008 को सरकार पहले ही वापस लेने का फैसला कर चुकी है। इसकी जगह धर्मांतरण विरोधी कानून लाया जा चुका है। केंद्र सरकार के तीन कृषि कानूनों के खिलाफ कांग्रेस ने देशभर में अभियान चलाया था। उस समय गहलोत सरकार केंद्रीय कृषि कानूनों की काट के तौर पर 2 नवंबर 2020 को कृषक उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सरलीकरण) (राजस्थान संशोधन) विधेयक-2020 और कृषक (सशक्तीकरण और संरक्षण) कीमत आश्वासन और कृषि सेवा पर करार (राजस्थान संशोधन) विधेयक लेकर आई थी। 2 नवंबर 2020 को दोनों बिल पारित हुए थे।

# मुख्य सचिव ने किया स्वास्थ्य भवन का निरीक्षण और स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा, कहा जीवन रक्षा के लक्ष्य को रखें सर्वोपरि

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर।** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से विगत दिनों में रामाश्रय वार्ड, मिशन लीवर स्माइल, मिशन मधुहारी, निरामय राजस्थान, पिंक पखवाड़ा जैसे नवाचार किए गए हैं। ये नवाचार रोगी केंद्रित स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। विभाग ऐसे नवाचारों का लाभ जमीनी स्तर तक पहुंचाएं और पेशेंट सेंट्रिक एप्रोच के साथ आपणो स्वस्थ राजस्थान के संकल्प को साकार रूप दे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग से जुड़े हर अधिकारी एवं कार्मिक का सर्वोच्च लक्ष्य जीवन रक्षा हो। मुख्य सचिव बुधवार को स्वास्थ्य भवन परिसर का निरीक्षण करने के बाद समीक्षा बैठक ले रहे थे। उन्होंने विभाग द्वारा वृद्धजनों को सुविधा एवं सम्मानजनक तरीके से स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ करवाने के लिए प्रारंभ किए गए रामाश्रय वार्ड नवाचार की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कदम आमजन की पीड़ा को कम करते हैं और प्रशासनिक व्यवस्था के प्रति विश्वास बढ़ाते हैं। केंद्र सरकार ने देशभर में हुए प्रमुख नवाचारों में रामाश्रय का चयन किया है, यह प्रदेश के लिए गौरव की बात है। उन्होंने रामाश्रय वार्ड योजना का और विस्तार करने के निर्देश दिए। वी श्रीनिवास ने कहा कि अधिकारी नियमित रूप से फील्ड विजिट कर चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण करें। प्रदेशभर में संचालित स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं योजनाओं की रियल टाइम मॉनिटरिंग कर विश्लेषण किया जाए कि कितने लोगों तक उसका लाभ पहुंच रहा है और उसमें सुधार की क्या आवश्यकता है। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को और सुदृढ़ करने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि निचले स्तर तक चिकित्सा संस्थानों में मानव संसाधन का नियोजन पूरी प्लानिंग के साथ किया जाए।

# मुख्यमंत्री की पहल: ग्राम उत्थान शिविरों से उमड़ा खुशहाली का सैलाब-अब तक 941 शिविरों में लाखों ग्रामीणों को मिला 13 विभागों की योजनाओं का लाभ

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की दूरगामी सोच और सुशासन के संकल्प का असर अब प्रदेश के ग्रामीण अंचलों में धरातल पर दिखने लगा है। राज्य सरकार द्वारा आयोजित 'ग्राम उत्थान शिविर' ग्रामीण विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का सबसे सशक्त माध्यम बनकर उभरे हैं। शिविर के प्रथम चरण के तीन दिनों में प्रदेशभर में 941 शिविर आयोजित कर सरकार के 13 प्रमुख विभागों की विभिन्न योजनाओं, गतिविधियों और कार्यक्रमों से आमजन, ग्रामीण



एवं कृषकों को जोड़ने की पहल की गई है। शिविरों में विभिन्न योजनाओं में मौके पर ही आवेदन पत्र तैयार करवाए गए तथा पहले दिए आवदेन पत्रों पर लाभ प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री श्री शर्मा के निर्देशानुसार जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक पंहुचाने के लिए प्रत्येक गिरदावर सर्किल पर ग्राम उत्थान शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर 23 जनवरी से प्रारंभ हुए ग्राम उत्थान शिविरों के प्रथम चरण का आयोजन 24, 25 व 31 जनवरी को किया जा रहा है। शिविरों में अन्नदाताओं की आर्थिक उन्नति को प्राथमिकता दी गई है। इसी दिशा में कृषि विभाग द्वारा 2 लाख 26 हजार किसानों को फसल बीमा और 2 लाख 33 हजार ग्रामीणों को एमएसपी से संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही एक लाख 80 हजार से अधिक मिनी किट और 83 हजार से अधिक बीज वितरण का सत्यापन किया गया।

### किसान और पशुपालक को मिल रहा सम्बल

कृषि विभाग द्वारा 50 हजार से ज्यादा सॉयल हेल्थ कार्ड किसानों को सौंपे गए। उद्यानिकी विभाग ने 3 हजार 198 सोलर पंप के तथा एक हजार 426 पॉली हाउस से वंचित ग्राम पंचायतों के लिए एक—एक आवेदन तैयार करवाए। पीएम फॉर्मलाइजेशन ऑफ़ माइक्रो फ़ूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइजेज योजना में 3 हजार से अधिक आवेदन पत्र तैयार किये गए। कृषि व गैर कृषि 5% ब्याज अनुदान योजना के एक हजार 600 व कस्टम हायरिंग सेंटर के 752 आवेदन तैयार करवाए गए। मुख्यमंत्री कृषक साथी सहायता योजना के तहत प्राप्त आवेदनों में से 2 हजार से अधिक का निस्तारण किया गया। इनमें से अधिकतर को लाभ दिया गया तथा किसी के आवेदन पत्र या प्रक्रिया में कोई कमी पाई गई तो मौके पर ही दुरूस्त करवाया गया।

### अभियान को मिल रही भारी सफलता

शिविरों में बस स्टैंड पर 2 हजार 500 विश्राम स्थल निर्माण के प्रस्ताव तैयार किये गए,दीनदयाल उपाध्याय योजना में 19 हजार से अधिक सर्वे पूर्ण हुए, 572 अनुप योगी विद्यालय भवन में नई स्वीकृत ग्राम पंचायत भवन का कार्यालय प्रारंभ किया गया। इसके अतिरिक्त 1972 वाटर यूजर एसोसिएशन को सक्रिय किया, 1594 नहरों एवं खालों की मरम्मत की आवश्यकताओं का चिन्हीकरण हुआ, युवा स्वरोजगार योजना में 1899 आवेदन तैयार करवाए, 1977 फॉर्म रजिस्ट्री का पंजीकरण कर 247 भूखसरों के विभाजन हेतु आवेदन प्राप्त किए।

# सांखड़ा ग्राम पंचायत में विकास अधिकारी मीणा ने सघन जांच अभियान के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना, नरेगा कार्य, एवं नरेगा साइट का निरीक्षण किया

बढ़ता राजस्थान

कोटड़ी (नि.स.)। ग्राम पंचायत सांखड़ा मुख्यालय पर बुधवार को घुमंतू अर्धघुमंतू शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायत क्षेत्र में निवासरत घुमंतू एवं अर्धघुमंतू परिवारों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना, उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना तथा योजनाओं की जमीनी स्थिति का मूल्यांकन करना रहा।शिविर के दौरान विकास अधिकारी रामबिलास मीणा द्वारा ग्राम पंचायत सांखड़ा में संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (नरेगा) एवं नरेगा अंतर्गत निर्माण कार्यों का मैदानी स्तर पर विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण कार्य पूरे दिन चला, जिसमें योजनाओं की प्रगति, गुणवत्ता एवं पारदर्शिता की गहन समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) भौतिक सत्यापन, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवासों की वास्तविक स्थिति की जांच हेतु विकास अधिकारी द्वारा तीन निरीक्षण टीमों का गठन किया गया। गठित टीमों द्वारा ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्थित समस्त स्वीकृत आवासों का डोर-टू-डोर भौतिक सत्यापन किया गया।



**भौतिक सत्यापन के दौरान निम्न बिंदुओं की जांच की गई—**

- स्वीकृत आवास का वास्तविक अस्तित्व
- निर्माण की वर्तमान स्थिति (प्रारंभिक / प्रगति पर / पूर्ण)
- लाभार्थी की पात्रता एवं निवास स्थिति
- आवास निर्माण में गुणवत्ता मानकों का पालन

योजना के अंतर्गत प्रदत्त किस्तों का उपयोग, इस सत्यापन कार्य में -दलीप सिंह, प्रगति प्रसार अधिकारी एवं बहादुर सिंह, सहायक विकास अधिकारी द्वारा सक्रिय रूप से भाग लिया गया तथा आवश्यक अभिलेखों का मिलान किया गया।

**महात्मा गांधी नरेगा योजना - निरीक्षण एवं गुणवत्ता जांच**

विकास अधिकारी रामबिलास मीणा द्वारा नरेगा योजना के अंतर्गत चल रहे विभिन्न कार्यस्थलों का मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान श्रमिकों की उपस्थिति, मस्टर रोल, कार्य की प्रगति एवं स्वीकृत तकनीकी मापदंडों के अनुसार कार्य निष्पादन की जांच की गई।

**दिशा-निर्देश एवं कार्यवाही**

निरीक्षण उपरांत विकास अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत के कार्मिकों, रोजगार सहायक एवं संबंधित कर्मचारियों को योजनाओं के समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही यह निर्देशित किया गया कि सभी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक बिना किसी भेदभाव के पहुँचाया जाए।

## आबूरोड में गुजराती सेलिब्रिटी से बलात्कार का आरोप

बढ़ता राजस्थान

सिरोही(नि.स.)। ब्रह्माकुमारी संस्थान से जुड़े युवक पर गुजराती सेलिब्रिटी ने बलात्कार का मामला दर्ज करवाया है। पीड़िता गुजरात की है तथा संस्थान में उसका पहले से ही आना-जाना बताया जा रहा है। आरोप है कि संस्थान से जुड़े युवक ने उसे प्रसाद में नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोशी की हालत में उसके साथ बलात्कार किया। सेलिब्रिटी ने इस सम्बंध में संस्थान से जुड़े कुछ अन्य लोगों पर धमकाने के भी आरोप लगाए है। आबूरोड थाना पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। उधर, कुछ ही दिनों के अंतराल में संस्थान में आने वाली युवती के साथ संस्थान से जुड़े युवकों पर शोषण का यह दूसरा मामला सामने आया है। हाल ही में जयपुर निवासी एक अन्य युवती भी इस तरह का मामला दर्ज करवा चुकी है। पीडिता ने रिपोर्ट देकर बताया कि अध्यात्म के लिए वह अक्सर आबूरोड आती रही है। इस दौरान यहां सेवारत युवक ने उससे नजदीकियां बढ़ाई तथा प्रसाद में नशीला पदार्थ खिलाकर शोषण किया। आरोप है कि इस सम्बंध में संस्थान पदाधिकारियों को जानकारी दी गई तो उसे धमकाया गया। उस समय पुलिस ने भी उसका मामला दर्ज नहीं किया। उधर, संस्थान में आवाजाही करने वाली युवतियों से बलात्कार का हाल ही में यह दूसरा मामला सामने आया है।

## कामगार हितों के लिए संगठित रहने का आह्वान

बढ़ता राजस्थान



सिरोही(नि.स.)। कामगार सेवा संस्थान की बैठक में संगठनात्मक एवं समाजहित के मुद्दों पर चर्चा की गई। अध्यक्षता समाज के वरिष्ठ हजारीमल छीपा ने की। इस दौरान भरत डी छीपा को सर्व सम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया गया। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने एवं कामगार हितों को लेकर संगठित रहने का आह्वान किया। कहा कि कामगार लोग कर्म प्रधान रहे हैं। नवभारत के निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाई है। रोजगार, शिक्षा एवं सुरक्षा के लिए संगठित रहना जरूरी है। संस्थान की स्थापना पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कामगारों के उत्थान के लिए कामगार सेवा संस्थान राष्ट्रीय की नींव रखी गई है। इस दौरान शंकरलाल पटेल, शंकरलाल प्रजापत, मदन मालवीय, डॉ.राजेश मालवीय, जगदीश सैन, रमेश मिस्त्री, नारायण सुथार, दलाराम सुथार, विक्रम पटेल, अरविंद प्रजापत, रतनलाल पटेल, जितेन्द्र प्रजापत, कांतिलाल सैन, ललित प्रजापत, भरत सोनी समेत कई लोग मौजूद रहे।

## प्रागपुरा निवासी संदीप सैनी को मिला राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार

राजस्थान फायर सर्विस क्षेत्र में निशुल्क सेवा कार्य के लिए सम्मान

बढ़ता राजस्थान

पावटा (नि.स.)। प्रागपुरा निवासी एवं रूस्‌ लाइब्रेरी संचालक संदीप सैनी (फायरवाला) को गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) के अवसर पर जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार 2026 से सम्मानित किया गया। जयपुर में आयोजित समारोह में ड्रुस्‌ फाउंडेशन टीम द्वारा संदीप सैनी को राजस्थान फायर सर्विस के क्षेत्र में किए गए निशुल्क सेवा कार्य एवं सामाजिक योगदान के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। फाउंडेशन के संचालक ने बताया कि देशभर से कुल 100 प्रतिभागियों का चयन सम्मान हेतु किया गया, जिनमें से राजस्थान से कोटपूतली-बहरोड़ जिले के पावटा क्षेत्र के संदीप सैनी का नाम चयनित हुआ, जो क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। संदीप सैनी के पिता सुरेश सैनी ने कहा कि बेटे के सम्मान से पूरा परिवार गौरवान्वित है और यह उपलब्धि क्षेत्र के लिए भी प्रेरणादायी है। सम्मान प्राप्त करने के बाद संदीप सैनी ने कहा कि वह निरंतर समाज सेवा एवं मानव सेवा के कार्य करते रहेंगे। उन्होंने पुरस्कार का श्रेय अपने पिता को देते हुए कहा कि मैंने समाज सेवा और लोगों की मदद करने की शिक्षा अपने पिता से ही सीखी है।

## पावटा में दो दिवसीय एसएमसी/एसडीएमसी प्रशिक्षण सम्पन्न शिक्षा गुणवत्ता, नामांकन व सामुदायिक भागीदारी पर फोकस

# समुदाय और विद्यालय की साझेदारी शिक्षा गुणवत्ता को मजबूत करती है -जयप्रकाश महरड़ा



बढ़ता राजस्थान

पावटा (सुशील कुमार बंसल)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा में बुधवार को दो दिवसीय गैर आवासीय एसएमसी/एसडीएमसी सदस्यों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य मनीष कुमार गोयल ने की, जबकि रामपाल मीणा विशिष्ट अतिथि और शिम्भू दयाल गढ़वाल संरक्षणकर्ता के रूप में उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में एसएमसी अधिकार एवं कर्तव्य, सामुदायिक जागरूकता, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, जेंडर संवेदनशीलता, मिड डे मील, नामांकन एवं ठहराव, तथा शैक्षणिक उन्नयन में भामाशाहों की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से सत्र आयोजित हुए। दक्ष प्रशिक्षक जयप्रकाश महरड़ा ने कहा कि एसएमसी केवल औपचारिक समिति नहीं, बल्कि विद्यालय और समुदाय के बीच पुल का कार्य करती है। यदि समुदाय सक्रियता से भाग ले, तो शिक्षा की गुणवत्ता, नामांकन और ठहराव में उल्लेखनीय सुधार होता है। प्रागपुरा पीएम श्री महात्मा गांधी विद्यालय के एसएमसी/एसडीएमसी सचिव मालाराम यादव ने कहा विद्यालय प्रबंधन समिति शिक्षा में पारदर्शिता, जवाबदेही और सुरक्षा को सुनिश्चित करती है। यह बच्चों के सीखने के अधिकार और विद्यालय में लोकतांत्रिक सहभागिता को बढ़ावा देती है। इस प्रशिक्षण में यूसीईओ पावटा के अधीन 10 विद्यालयों के सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम में श्रीमती रतन देवी, लक्ष्मी कंवर, पूनम देवी, तारा देवी जांगिड़, रेखा यादव, सुमन देवी, विरेंद्र कुमार अग्रवाल, दीपेन्द्र सिंह, अनवर हुसैन, नरेश खाडिया, अम्बा लाल कुमावत समेत समिति सदस्यों एवं शिक्षकों की उपस्थिति रही।

## मुस्कान की सेहत से समाज की संवेदना तक-दुर्गावास में सेवा का उजला उत्सव

# लायन्स क्लब ब्यावर सिटी ने दन्त चिकित्सा, परामर्श व सम्मान के माध्यम से निभाई सामाजिक जिम्मेदारी

बढ़ता राजस्थान



ब्यावर (अनिल सिखवाल)। ब्यावर समाज सेवा, स्वास्थ्य जागरूकता और सम्मान की त्रिवेणी का सजीव उदाहरण बुधवार को उस समय देखने को मिला, जब लायन्स क्लब ब्यावर सिटी द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, दुर्गावास में निःशुल्क दन्त जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक चला, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की दन्त रोग से संबंधित जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया गया। दन्त रोग विशेषज्ञ डॉ. मोहित नाहर ने सरल भाषा में बच्चों को दन्त स्वच्छता के प्रति जागरूक किया इस सेवा शिविर के साथ आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में आयुष चिकित्सा, समाज सेवा एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। लायन्स क्लब ब्यावर सिटी के अध्यक्ष एमजेएफ नरेन्द्र सिंह मेड़तवाल, प्रोजेक्ट डायरेक्टर नन्दलाल भंडारी एवं क्लब सदस्यों ने डॉ. रमाशंकर पचौरी (पूर्व अतिरिक्त निदेशक, आयुर्वेद विभाग संभाग अजमेर), अनिल सिखवाल (पत्रकारिता), डॉ. मोहित नाहर (समाज सेवा), हरि सिंह रावत (ग्राम पंचायत दुर्गावास), नर्सिंग ऑफिसर हुकम सिंह, रविन्द्र सिंह चौहान, देवेंद्र कुमार पंवार, रोबिन सिंह चौहान, सुश्री अनम, लाड़ कंवर एवं हिमांशु शर्मा को सम्मानित कर उनके सेवाभाव को नमन किया कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्य गरिमा रावत, शिक्षक मुकेश कुमार गुर्जर, अशोक कुमार भारती, कमल कुमार वैष्णव सहित समस्त शाला परिवार उपस्थित रहा। विद्यालय प्रशासन की ओर से लायन्स क्लब ब्यावर सिटी का हार्दिक आभार व्यक्त किया गया इस अवसर पर शिक्षाविद् एवं पत्रकार अनिल सिखवाल ने विद्यार्थियों को लक्ष्य प्राप्ति हेतु सतत परिश्रम, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। वहीं प्रधानाचार्य गरिमा रावत ने निष्पक्ष पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बताते हुए श्री सिखवाल का भव्य अभिनंदन एवं स्वागत किया कार्यक्रम का संपूर्ण एवं प्रभावी मंच संचालन विद्यालय के शिक्षक कमल कुमार वैष्णव द्वारा किया गया, जिनकी सधी हुई शैली और समन्वय क्षमता ने आयोजन को और भी गरिमामय बना दिया।

## लखासर मेंले उमड़ा आस्था का सैलाब

# बाबा रामदेव व खेतरपाल जी के मेले में लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई धोक

बढ़ता राजस्थान



अनूपगढ़ (नि.स.)। उपखंड क्षेत्र के ग्राम लखासर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी लोकदेवता बाबा रामदेव जी महाराज एवं खेतरपाल बाबा का भव्य मेला हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। मेले के दौरान समूचा क्षेत्र 'बाबा की जय-जयकार' के उद्घोष से गुंजायमान रहा। मेले में हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर जिलों सहित आसपास के क्षेत्रों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु बाबा के दरबार में मन्नतें मांगने पहुंचे। अलसुबह से ही मंदिर परिसर में लंबी कतारें देखने को मिलीं, जहां भक्तों ने कतारबद्ध होकर बाबा की प्रतिमा के दर्शन किए और धोक लगाकर खुशहाली की कामना की। मंदिर के मुख्य पुजारी पूर्ण राम मेघवाल ने बताया कि यह मेला क्षेत्र की प्राचीन परंपरा और अटूट श्रद्धा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि 'बाबा के प्रति भक्तों की गहरी आस्था ही है जो उन्हें इतनी दूर-दूर से यहाँ खींच लाती है। मंदिर कमेटी और प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं ताकि किसी भी भक्त को असुविधा न हो।' मेले में जगह-जगह सजी दुकानों पर महिलाओं और बच्चों ने जमकर खरीदारी की। खिलौनों, मनिहारी और मिठाइयों की दुकानों पर भारी भीड़ देखी गई। ग्रामीण संस्कृति के रंग में रंगे इस मेले में भजन-कीर्तन का दौर भी चलता रहा, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष प्रयास किए गए।

# सिंधी गौरव और इतिहास को मंच पर जीवंत करेंगे दो चर्चित नाटक

बढ़ता राजस्थान



अनूपगढ़ (नि.स.)। सिंधी भाषा, संस्कृति और गौरवशाली इतिहास के संरक्षण व प्रचार के उद्देश्य से राजस्थान सिंधी अकादमी, जयपुर, नवयुवक कला मंडल बीकानेर संभाग तथा पूज्य सिंधी पंचायत, नोहर के संयुक्त तत्वावधान में 29 जनवरी को सायं 7 बजे सिंधी मंदिर सभागार, नोहर में विशेष नाट्य संध्या का आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर दो चर्चित सिंधी नाटकों का मंचन किया जाएगा। प्रथम नाटक 'शहीद हेमू कलानी' अनूपगढ़ निवासी वरिष्ठ रंगकर्मी एवं लेखक रमेश शेवकानी द्वारा लिखित है, जिसमें महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद हेमू कलानी के बलिदान, देशभक्ति एवं संघर्षपूर्ण जीवन को प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत किया जाएगा। द्वितीय नाटक 'संत कंवर राम' लेखक फणीश्वर खत्री की रचना है, जिसमें महान सिंधी संत कंवर राम के आध्यात्मिक संदेश, मानवता एवं सामाजिक समरसता के आदर्शों को मंच पर सजीव किया जाएगा। दोनों नाटकों का निर्देशन प्रसिद्ध रंगनिर्देशक सुरेश हिंदुस्तानी द्वारा किया जा रहा है। मंचन में जय खत्री, जयकिशन केशवानी, सहित कुल 12 कलाकार अपने सशक्त अभिनय से दर्शकों को इतिहास, संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना से जोड़ेंगे। कार्यक्रम के प्रभारी राजकुमार मोटवानी, अशोक खत्री एवं मनोज कारिया होंगे। पूज्य सिंधी पंचायत नोहर के अध्यक्ष रमेश वाधवानी, पूजा जिला सिंधी महापंचायत हनुमानगढ़ के जिला अध्यक्ष हरीश वाधवानी, अमरलाल साहब मंदिर कमेटी नोहर के टीकमचंद मोटवानी, बूलचंद भागवानी सहित आयोजकों ने बताया कि यह नाट्य संध्या सिंधी समाज की नई पीढ़ी को अपने महापुरुषों, स्वतंत्रता आंदोलन के नायकों तथा संत परंपरा से परिचित कराने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों से जगाई जागरूकता

बढ़ता राजस्थान

सिरोही(नि.स.)। राजस्थान स्टेट एड्स कन्ट्रोल सोसायटी की ओर से गांवों में जागरूकता शिविर लगाए गए। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए एचआईवी-एड्स के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. विवेक जोशी के निर्देशन में पिण्डवाड़ा ब्लॉक के झाड़ोली, सिवेरा, बालदा, उन्द्रा व राजपुरा गांवों में जागरूकता जगाई गई। बताया कि बचाव के उपाय एवं भ्रांतियों पर जानकारी के लिए 1097 टोल फ्री नम्बर पर भी कॉल कर सकते हैं।

## कार्यकाल पूर्ण होने के बाद भी पार्षद प्रतिनिधि राकेश सारस्वत की सक्रियता जारी

बढ़ता राजस्थान



अनूपगढ़ (नि.स.)। अनूपगढ़ के वार्ड नंबर 27 में कार्यकाल पूर्ण होने के बाद भी पार्षद प्रतिनिधि एडवोकेट राकेश सारस्वत वार्ड के विकास कार्यों को लेकर लगातार सक्रिय नजर आ रहे हैं। कुछ दिन पूर्व वार्डवासियों ने नानक नगरी की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग के चौराहे पर स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग की थी। वार्ड नं 27 का यह मार्ग गंदे पानी की निकासी की समस्या के समाधान, सडक एवं नाले के निर्माण के बाद अब बाजार का प्रमुख रास्ता बन चुका है, जहां वार्ड 27 सहित आसपास के वार्डों के नागरिकों का निरंतर आवागमन रहता है।

मांग को गंभीरता से लेते हुए सारस्वत के प्रयासों से उक्त स्थान पर स्ट्रीट लाइट लगवाई गई। इस अवसर पर वार्डवासी लक्ष्मण नायक, विनय चराया, ओंकार घोडेला, प्रभु दयाल नायक एवं विजय लखेसर ने उनका आभार जताया। वार्डवासियों ने कहा कि पूर्व में भी सारस्वत द्वारा कराए गए विकास कार्यों से वार्डवासियों को बड़ी राहत मिली थी और आज भी वे नगरपालिका प्रशासन के माध्यम से वार्ड की आवश्यकताओं को पूरा कराने के लिए प्रयासरत हैं।

## 7 फरवरी को होगा विराट हिन्दू सम्मेलन

# भव्य कलश यात्रा के साथ किया हिन्दू सम्मेलन का भूमि पूजन व ध्वजारोपण कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान




पावटा (सुशील कुमार बंसल)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर 7 फरवरी को आयोजित होने वाले विराट हिन्दू सम्मेलन को लेकर बुधवार को कस्बा में भव्य कलश यात्रा के साथ भूमि पूजन कर धर्म ध्वजारोपण कार्यक्रम किया गया। कलश यात्रा माँ भारती की शोभायात्रा के साथ कस्बे के रामलीला मैदान स्थित शिशु वाटिका से प्रारम्भ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए आदर्श विद्या मंदिर पहुँची जहाँ संघ के क्षेत्रीय प्रचारक प्रमुख श्रीवर्धन , आयोजन समिति के पावटा खण्ड अध्यक्ष गोपाल मंगल , मण्डल अध्यक्ष डॉ जयराम यादव सहित प्रमुखजनों ने मंत्रोच्चारण के साथ भूमि पूजन करते हुए धर्म ध्वजा रोपण किया। इस अवसर संघ के प्रचारक प्रमुख श्रीवर्धन ने बोलते हुए कहा कि हिन्दू धर्म कोई संकीर्ण पूजा पद्धति नहीं , बल्कि जीवन जीने की एक समग्र कला है। उन्होंने कहा कि विश्व शान्ति और मानव कल्याण के लिए भारत में हिन्दू समाज का एकजुट रहना आज नितान्त आवश्यक है । उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत एक शरीर है तो हिन्दू उसकी आत्मा है। और यह सम्बन्ध सनातन काल से चला आ रहा है। हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति के सचिव सुनील पंसारी ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 7 फरवरी को दोपहर 12 बजे कस्बे के आदर्श विद्या मन्दिर में एक विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन होगा । जिसमें संत समागम , सांस्कृतिक कार्यक्रम, सम्मान समारोह, बाईक रैली, भगवा रैली सहित विभिन्न कार्यक्रम होगा। समिति के उपाध्यक्ष दीपक शर्मा ने बताया कि सम्मेलन में क्षेत्र के सभी संत महात्माओं सहित हजारों की संख्या में हिन्दू भाईयों के पहुचने की उम्मीद है। संख्या की दृष्टि से सभी पुख्ता इंतजाम करते हुए व्यवस्थाओं का बटवारा कर दिया है। इस अवसर पर पुरुषोत्तम कृष्ण मिश्रा , अशोक कुमार पारीक, सीताराम भार्गव , मनीष सैन , महेश थानेदार, डॉ विवेक शर्मा, महेश पारीक, गोपाल अग्रवाल , पूर्व जिला पार्षद ललित गोयल, बद्री प्रसाद चौहान, राहुल गोयल,नवनीत गौड़, रघु मिश्रा , गोवर्धन प्रजापत, शंकर पाकोरा ,अंकित गौड़, भविष्य शर्मा, तनुज, रुद्राक्ष, रामसिंह, शीशराम , मनोज टांक सहित बडी संख्या में ग्रामीण व मातृ शक्ति उपस्थित रही।

## प्रधूमन यादव बने ह्यूमन राइट प्रोटेक्शन सामाजिक न्याय सेल के जिला अध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** ह्मन राइट प्रोटेक्शन सामाजिक न्याय सेल के प्रदेश अध्यक्ष अशोक योगी की अनुशंसा पर प्रधूमन



यादव को कोटपूतली-बहरोड़ जिले का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति मानवाधिकार संरक्षण, सामाजिक न्याय एवं जनकल्याण के क्षेत्र में उनके निरंतर योगदान और संगठनात्मक दक्षता को देखते हुए की गई है। प्रधूमन यादव लंबे समय से सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। संगठन ने विश्वास जताया है कि उनके नेतृत्व में जिले में मानवाधिकारों की रक्षा, पीड़ितों को न्याय दिलाने तथा सामाजिक न्याय से जुड़े कार्यों को नई दिशा और मजबूती मिलेगी।नियुक्ति की जानकारी मिलने पर क्षेत्रवासियों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। समर्थकों ने उम्मीद जताई कि यादव के नेतृत्व में संगठन जनहित के मुद्दों पर और अधिक प्रभावी ढंग से कार्य करेगा।इस अवसर पर प्रधूमन यादव ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारी को वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे तथा मानवाधिकारों की रक्षा और सामाजिक न्याय के लिए सतत प्रयास करते रहेंगे।

## राजकीय विद्यालय की प्रधानाचार्य रेणु यादव की प्रेरणा से भामाशाहों का मिल रहा सहयोग



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** अहिरों की ढाणी में स्थित एम जी जी एस विद्यालय में भामाशाहों का लगातार सहयोग मिल रहा है विद्यालय के प्रधानाचार्य रेणु यादव की प्रेरणा से भामाशाह सहयोग कर रहे हैं भामाशाह द्वारा पूर्व में भी कई उपकरण एवं विद्यालय के विद्यार्थियों को अनेक सामग्री दी जा चुकी है विद्यालय में 77 वे गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया इसी दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को भी विद्यालय स्टाफ एवं ग्रामीणों द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य रेणु यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के दौरान भामाशाह सज्जन कुमार द्वारा विद्यालय में कंप्यूटर लैब निर्माण की घोषणा की गई वह ओमप्रकाश द्वारा विद्यालय को माइक से देने की बात कही गई। कार्यक्रम में मंच संचालनपूज सागवान द्वारा किया गया।समारोह में मेहरसिंह सुषमा,नितेश, सपना, सूरजभान सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहें।

## महिला स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में सार्थक पहल





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** कोकून हॉस्पिटल, जयपुर ने इनर व्हील वुमेन्स क्लब एंड रोटरी क्लब, दौसा के साथ मिलकर महिलाओं के लिए एक विशेष स्वास्थ्य जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस सेशन में कोकून हॉस्पिटल की डॉ. अनुपमा गंगवाल और डॉ. पंखुड़ी गौतम, सीनियर कंसल्टेंट आब्सटेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी ने महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर सरल और प्रभावी तरीके से जानकारी साझा की। सत्र के दौरान महिलाओं के प्रश्नों का समाधान करते हुए स्वस्थ दिनचर्या, समय पर जांच और जागरूकता के महत्व पर विशेष ज़ोर दिया गया। संवादात्मक रूप में आयोजित यह सत्र 50 से अधिक महिलाओं के लिए न केवल जानकारीपूर्ण रहा, बल्कि उन्हें अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग और आत्मविश्वासी बनाने में भी महत्वपूर्ण रहा।

## पंडित ताराचंद शास्त्री राज्य स्तर पर हुए सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** गणतंत्र दिवस समारोह के



अवसर पर ज्योतिष एवं वैदिक ज्ञान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पंडित ताराचंद शास्त्री को राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया! पंडित ताराचंद शास्त्री ने अपने दीर्घकालीन साधनापूर्ण जीवन में ज्योतिष शास्त्र, वैदिक अध्ययन, धर्मशास्त्र एवं भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार हेतु निरंतर कार्य किया है। उन्होंने अपनी विद्वत्ता, सरल परामर्श शैली और निस्वार्थ सेवा भाव से समाज को दिशा देने का कार्य किया है। ज्योतिष को जनकल्याण से जोड़ते हुए उन्होंने अनेक लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व पर राज्य स्तर पर प्राप्त यह सम्मान उनकी ज्ञान-साधना, तपस्या एवं समाजसेवा का प्रतिफल है।

## सड़क पार कर रहे युवक को रोडवेज बस ने कुचला

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** आमेर थाना इलाके में तेज रफ्तार रोडवेज बस ने सडक़ पार कर रहे युवक को कुचल दिया। इस हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद रोडवेज चालक मौके से फरार होने में कामयाब हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सवाई मानसिंह अस्पताल के मुर्दाघर में भिजवाया। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त कर उसका पोस्टमार्टम करवाया और शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। एक्सीडेंट थाना उत्तर कांस्टेबल चैन सिंह ने बताया कि दिल्ली रोड स्थित नई माता मंदिर के पास अजय रोड पार कर रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार रोडवेज बस ने अजय नायक (29) को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में घायल अजय ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की सहायत से शव को सवाई मानिसंह अस्पताल के मुर्दाघर में भिजवाया। जहां से उसका पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

## राजस्थान एयरोस्पेस एण्ड डिफेंस पॉलिसी

# राजस्थान बनेगा एयरोस्पेस और डिफेन्स मैन्युफैक्चरिंग हब, देश के एयरोस्पेस-डिफेंस विनिर्माण क्षेत्र में राज्य का बढ़ेगा योगदान,

बढ़ता राजस्थान

जयपुर,(का.स.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार विकसित राजस्थान के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में बहुआयामी विकास नीति के साथ कार्य कर रही है। कृषि, ऊर्जा, पेयजल, शिक्षा, बुनियादी ढांचा, चिकित्सा, उद्योग जैसे क्षेत्रों में प्रगति की रफ्तार बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। इसके साथ ही,एयरोस्पेस और डिफेंस विनिर्माण तथा सेवाओं में राज्य की आत्मनिर्भरता को मजबूत करने एवं राष्ट्र की एयरोस्पेस और डिफेंस विनिर्माण उपलब्धियों में राजस्थान के योगदान को बढ़ावा



देने के उद्देश्य से राज्य सरकार राजस्थान एयरोस्पेस एण्ड डिफेंस नीति लाई है। यह नीति प्रदेश में रक्षा तथा अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी को प्रोत्साहन देने के साथ ही राजस्थान को एयरोस्पेस और डिफेन्स मैन्युफैक्चरिंग का महत्वपूर्ण हब बनाने की दिशा में सहायक होगी। इस क्षेत्र में बड़े निवेश को आकर्षित करने के साथ-साथ एमएसएमई, स्टार्टअप्स और नवाचार आधारित इकोसिस्टम के विकास पर केन्द्रित यह नीति आर्थिक विकास और रोजगार सृजन को भी बढ़ावा देगी। इस नीति के अंतर्गत प्रदेश में एयरोस्पेस एण्ड डिफेन्स क्षेत्र के विनिर्माण उद्यमों, उपकरण एवं घटक निर्माताओं, आपूर्तिकर्ताओं, प्रिसीजन इंजीनियरिंग इकाइयों और मेंटेंनेंस, रिपेयर एवं ओवरहॉलिंग से जुड़ी इकाइयों की स्थापना को बढ़ावा दिया जाएगा।

**विनिर्माण परियोजनाओं और सर्विस सेक्टर को बांटा जाएगा तीन-तीन श्रेणियों में** :इस नीति के अन्तर्गत विनिर्माण परियोजनाओं को न्यूनतम 50 करोड़ रूपये से 300 करोड़ रूपये तक अचल पूंजी निवेश करने पर लार्ज, 300 करोड़ से 1 हजार करोड़ रूपये के निवेश पर मेगा और 1 हजार करोड़ रूपये से अधिक के निवेश पर अल्ट्रा मेगा परियोजना की श्रेणी में रखा जाएगा। वहीं, सर्विस सेक्टर के लिए 25 करोड़ से 100 करोड़ रूपये तक अचल पूंजी निवेश वाली परियोजनाएं लार्ज, 100 करोड़ से 250 करोड़ रूपये तक मेगा और 250 करोड़ से अधिक के निवेश वाली परियोजनाएंअल्ट्रा मेगा की श्रेणी में रखी जाएंगी।

नीति के तहत ए एण्ड डी पार्कों में लगने वाले पात्र एयरोस्पेस एवं डिफेन्स मैन्युफैक्चरिंग और सेवा उद्यमों को एसेट क्रिएशन इन्सेन्टिव के रूप में 7 वर्षों तक राज्य कर के 75 प्रतिशत पुनर्भरण का निवेश अनुदान दिया जाएगा। साथ ही, विनिर्माण उद्यमों के लिए 20 से 28 प्रतिशत और सर्विस सेक्टर के लिए 14 से 20 प्रतिशत तक 10 वर्षों में वितरित पूंजीगत अनुदान अथवा 10 वर्षों तक वार्षिक किश्तों में देय 1.2 प्रतिशत से 2 प्रतिशत तक टर्नओवर लिंक्ड प्रोत्साहन में से किसी एक विकल्प का चयन करने की सुविधा दी जाएगी।

## कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

# कृषक कल्याण की दिशा में बजट घोषणाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए - कृषि मंत्री

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ.किरोड़ी लाल ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों की खुशहाली और कृषि विकास के लिए विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रभावी संचालन कर रही है। उन्होंने विभाग से संबंधित बजट घोषणाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन के निर्देश दिए, ताकि सरकार की मंशा के अनुरूप किसानों को योजनाओं का समुचित लाभ सुनिश्चित किया जा सके।



कृषि मंत्री बुधवार को पंत कृषि भवन, जयपुर में कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की योजनाओं, कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 की बजट घोषणाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। कृषि मंत्री ने कहा कि उन्नत एवं वैज्ञानिक खेती अपनाने वाले प्रगतिशील किसानों के अनुभव अन्य किसानों के लिए प्रेरणास्रोत हैं, जिनसे उत्पादन एवं आय में वृद्धि संभव है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक जिले में प्रगतिशील किसानों के साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएं, ताकि किसान फसल चक्र के अनुरूप उन्नत किस्मों के चयन, फसल प्रबंधन तथा खाद-बीज के संतुलित उपयोग की तकनीकों को अपनाकर उत्पादन बढ़ा सकें।

उन्होंने कहा कि कस्टम हायरिंग सेंटर लघु एवं सीमान्त किसानों के लिए ट्रैक्टर, कल्टीवेटर, थ्रेशर सहित आधुनिक कृषि यंत्रों की उपलब्धता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इन केंद्रों की स्थापना एवं संचालन में और अधिक सुगमता तथा गति लाने के निर्देश देते हुए उन्होंने किसानों को अधिकाधिक लाभ पहुंचाने पर विशेष जोर दिया।

कृषि मंत्री ने किसानों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए प्रत्येक जिले में जिला स्तरीय जन शिकायत निवारण बैठक के नियमित आयोजन के निर्देश दिए। साथ ही बजट घोषणाओं के तहत प्रदेश में स्थापित किए जा रहे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में अनुसंधान एवं नवाचार को प्रोत्साहित करने पर बल दिया, ताकि किसानों को कृषि में नवीन तकनीकों की जानकारी एवं लाभ प्राप्त हो सके।

बैठक में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, बूंद-बूंद एवं फव्वारा सिंचाई, ग्रीनहाउस, शैडनेट एवं पॉलीहाउस से संबंधित अनुदान योजनाओं की समीक्षा करते हुए कृषि मंत्री ने अधिकाधिक किसानों को इन योजनाओं से जोडऩे के निर्देश दिए।

बैठक में प्रमुख शासन सचिव कृषि मंजू राजपाल ने विभागीय अधिकारियों को किसानों के हित से जुड़े निर्णयों में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में आयुक्त कृषि सुश्री चिन्मयी गोपाल सहित कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि जिलों के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक से जुड़े।

## डॉ मंजू यादव उपखंड स्तर पर सम्मानित

# राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड में उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए हुआ सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**दांतारामगढ़ (नि.स.)।** 77 वें गणतंत्र दिवस के उपखंड स्तरीय सम्मान समारोह दांतारामगढ़ में राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ पलसाना के सहायक जिला कमिश्नर गाइड व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय किशनपुरा प्रिंसिपल डॉ मंजू यादव को सम्मानित किया गया। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड आंदोलन से गाइडिंग में सीकर जिले का ही नहीं अपितु सम्पूर्ण राजस्थान का नेतृत्व करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने पर गणतंत्र दिवस पर सोमवार को दांतारामगढ़ के अहीरोंकाबास खेल मैदान में आयोजित उपखंड स्तरीय सामान समारोह में उपखंड अधिकारी मोनिका सामोर, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुरेन्द्र सिंह, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हेमाराम व अन्य अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उपखंड स्तर पर सम्मानित होने पर राज्य संगठन आयुक्त (गाइड) सुयश लोढा, सहायक राज्य संगठन आयुक्त (गाइड) नीता शर्मा, जिला संगठन आयुक्त झुंझुनू (गाइड) प्रियंका खीचड़, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पलसाना शर्मिला आडा, एसीबीईईओ एवं जिला आयुक्त प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर (गाइड) इंदू कला महला, प्रभारी कमिश्नर (स्काउट) प्रिंसिपल राजेंद्र कुमार मीणा, पूर्व प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर एवं प्रिंसिपल पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खाटूश्यामजी बनवारी लाल कुमावत, सचिव पवन कुमार शर्मा, गाइडर कविता शर्मा , कंप्यूटर एडिटर राघव शर्मा सहित स्थानीय संघ पलसाना के संपूर्ण स्काउट गाइड परिवार ने खुशी का इजहार करते हुए डॉ मंजू यादव को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## पिंक सिटी में गूंजेंगे सुरीले सुरःराज्य स्तरीय सुरतरंग गायन प्रतियोगिता 31 जनवरी को

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** शहर की उभरती गायन प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से 31 जनवरी को जयपुर में सुरतरंग - सुनहरी आवाजों की तलाश राज्य स्तरीय सुगम संगीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता संगम कला ग्रुप (पिंक सिटी जिका एवं जीमा) के तत्वावधान में आयोजित की जा रही है और इसे महान बाल गायक मास्टर मदन की स्मृति को समर्पित किया गया है।

संगम कला ग्रुप राजस्थान के अध्यक्ष जय सूद ने बताया कि प्रतियोगिता में फिल्मी एवं गैर-फिल्मी सुगम संगीत की श्रेणियों में प्रतिभागियों को अपनी गायन प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि सुरतरंग मंच पूर्व में देश को सोनू निगम, श्रेया घोषाल, आनंद राज आनंद, तोशी, शारीब और सुनिधि चौहान जैसे अनेक चर्चित और सफल कलाकार दे चुका है, जिससे इसकी विश्वसनीयता और प्रतिष्ठा सिद्ध होती है।

प्रतियोगिता को सभी आयु वर्ग के प्रतिभागियों को अवसर देने के उद्देश्य से चार श्रेणियों में विभाजित किया गया है। इनमें सब-जूनियर वर्ग (5 से 12 वर्ष),जूनियर वर्ग (12 से 18 वर्ष),सीनियर वर्ग (18 से 30 वर्ष) तथा ओपन कैटेगरी (30 वर्ष से अधिक आयु) शामिल हैं।

# सरकारी शिविर में अव्यवस्था: घुमंतू समाज को नहीं मिला दस्तावेजों का लाभ,वंचित समाज में रोष

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** घुमंतू एवं अर्ध-घुमंतू समुदायों को मुख्यधारा से जोडऩे के उद्देश्य से राज्य सरकार के निर्देश पर नगर निगम जयपुर द्वारा दस्तावेज़ निर्माण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मतदाता पहचान पत्र,आधार कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र और मूल निवास प्रमाण-पत्र सहित आवश्यक दस्तावेज बनवाने की सुविधा उपलब्ध कराई गई। यह शिविर नगर निगम सिविल लाइंस स्थित उपायुक्त कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया। हालांकि जागरूकता और समुचित व्यवस्था



के अभाव में कई घुमंतू और अर्ध-घुमंतू समुदाय के लोग लाभ से वंचित रह गए। नगर निगम सिविल लाइंस जोन क्षेत्र के बाबा रामदेव नगर (गुर्जर की थड़ी) स्थित घुमंतू, अर्ध-घुमंतू एवं विमुक्त समाज के लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं होने पर शिविर स्थल पर रोष का माहौल बन गया। बाबा रामदेव नगर निवासी एवं बागरी समाज की प्रदेश अध्यक्ष रोडी देवी ने आरोप लगाया कि सूचना मिलने पर वे बुधवार सुबह से ही अपने पूरे परिवार के साथ भूखे-प्यासे शिविर में पहुंचीं, लेकिन पूरा दिन बीत जाने के बावजूद उनके समाज के किसी भी व्यक्ति का कार्य पूरा नहीं हो सका। उन्होंने बताया कि शिविर में मौजूद अधिकारी उन्हें लगातार कुर्सी से कुर्सी तक घुमाते रहे, लेकिन समाधान नहीं किया गया। इससे समाज के लोगों में गहरा आक्रोश देखने को मिला। वही घुमंतु अर्ध घुमंतु एवं विमुक्त जाति समाज के उत्थान के क्षेत्र में कार्य करने वाली अग्रणी संस्था भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी के अध्यक्ष अनीष कुमार नाडार ने बताया कि इतिहास में पहली बार घुमंतु अर्ध घुमंतु एवं विमुक्त समाज के लिए अलग से कैंप आयोजित कर उनके उत्थान के प्रयास किया जा रहे हैं।

## बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर ने किया स्वास्थ्य केन्द्रों का औचक निरीक्षण

# कार्य संतोषप्रद नहीं पाये जाने पर एएनएम को जारी किया कारण बताओ नोटिस, आवष्यक सुधार के दिये निर्देष

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। बीसीएमओ ने आयुष्मान आरोग्य मन्दिर आरोग्य परम् धनम् सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोनेड़ा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र देवता एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र बनार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सीएचसी गोनेड़ा पर निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया गया। गांव वालों से मिल रही निम्न गुणवत्ता के सामान उपयोग की शिकायत पर बीसीएमओ गोनेड़ा पहुंचे एवं



वहां निरीक्षण किया, साथ ही सुधार के लिये उच्चाधिकारियों को अवगत करवाया, ताकि उच्च गुणवत्ता का भवन बन सके और आवश्यक निर्देश प्रदान किये गये। सीएचसी गोनेड़ा को क्रमोन्नत होने पर पर एएनएम का पद समाप्त हो गया हैं जिसके कारण टीकाकरण का कार्य प्रभावित हो रहा हैं। एनएचएम योजना से एएनएम कार्मिक लगाने हेतु उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया गया हैं, ताकि राष्ट्रीय कार्यक्रम का कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सकें। वहीं पीएचसी देवता पर निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधिकारी प्रभारी अनुपस्थित मिले। बीसीएमओ ने लैब को प्रोटोकॉल के अनुसार अपडेट करने, लाईट लगाने, साफ-सफाई करवाने हेतु निर्देश प्रदान किये। चिकित्सालय के आवास जर्जर होने के कारण कण्डम कराने के निर्देश प्रदान किये। दवा वितरण कक्ष एवं दवा स्टोर का निरीक्षण करने पर पाया गया कि दवाईयां प्रोटोकॉल के अनुसार नहीं है को प्रोटोकॉल के अनुसार लगाने के निर्देश प्रदान किये। जनसमुदाय में घर-घर जाकर एएनएम एवं आशाओ के कार्य हैण्ड काउंट सर्वे, ममता कार्ड, एचपीवाईसी/एचपीएनसी घर-घर जाकर विजिट की स्थिति का जायजा लिया गया। जिनमें ममता कार्ड अपूर्ण पाये गये, जिन्हें सही संधारण के निर्देश प्रदान किये गये। आशा डायरी, एमसीएचएन रजिस्टर सही भरा नहीं पाया गया, घर-घर परिवार संख्या, घर का नम्बर आदि अंकित नहीं पाये गये। कार्य संतोषप्रद नहीं होने के कारण एएनएम को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। उप स्वास्थ्य केन्द्र बनार पर निरीक्षण के दौरान पाया गया कि स्वास्थ्य केन्द्र जर्जर हाल में है को नवीन भवन में शिफ्ट करने के निर्देश प्रदान किये गये। बीसीएमओ ने उपस्थिति पंजिका, हैड काउण्ट सर्वे, एनसीडी, टीकाकरण की रिपोर्ट की समीक्षा की। साथ ही तीन दिवस में आवश्यक सुधार हेतु निर्देश प्रदान किये। इस दौरान बीपीओ विजय तिवाड़ी भी मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# एक और विमान हादसा, कब लेंगे सबक?

बारामती में महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजीत पवार की विमान हादसे में मौत ने देश में हवाई सुरक्षा को लेकर नए सिरे से सवाल खड़े कर दिए हैं। अपने देश में रह-रहकर विमान हादसे होते रहे हैं। इन हादसों में अजीत पवार की तरह कई नेताओं और आम लोगों ने अपनी जान गंवाई है। मुंबई से बारामती जा रहा विमान जिस तरह हादसे का शिकार हुआ और उसमें सवार चालक दल के सदस्यों के साथ सभी पांच लोग मारे गए, उसने सुरक्षित हवाई यात्रा को लेकर जो चिंताएं पैदा की हैं, उनका समाधान किया जाना इसलिए आवश्यक है, क्योंकि आम और खास लोगों की ओर से चार्टर विमान सेवाओं का उपयोग बढ़ता जा रहा है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं कि बारामती में उतरने की कोशिश कर रहा विमान किन कारणों से विस्फोट के साथ आग का गोला बन गया। यह स्वाभाविक है कि विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो की ओर से इस हादसे की जांच होगी और वह ब्लैक बाक्स की पड़ताल पर निर्भर करेगी, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि इसके पहले 2023 में मुंबई में वीएसआर एविएशन का बाम्बार्डियर लीयरजेट 45 विमान दुर्घटना का शिकार हुआ था। यह हैरानी की बात है कि अभी इस दुर्घटना की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट ही सामने आ सकी है। ऐसा क्यों है, इस पर ध्यान दिया जाना चाहिए। चूंकि अजीत पवार महाराष्ट्र के प्रभावशाली नेता थे और उन्होंने अपने चाचा शरद पवार से अलग होकर अपना अलग दल बनाया था और वही उसके कर्ता-धर्ता थे, इसलिए यह प्रश्न सतह पर आना स्वाभाविक है कि उनके न रहने पर उनका दल एनसीपी अस्तित्व में बना रहेगा या नहीं और उसकी कमान कौन संभालेगा? एक के बाद एक सरकारों में उप मुख्यमंत्री रहे अजीत पवार विवादों में भी रहे, लेकिन वे राजनीतिक रूप से सदैव प्रभावी बने रहे। उन्होंने चाचा शरद पवार को चुनौती भी दी और उन पर भारी भी पड़े। पिछले लोकसभा चुनाव में उनकी एनसीपी का प्रदर्शन प्रभावशाली नहीं रहा था और उन्हें केवल एक सीट मिली थी, लेकिन विधानसभा चुनावों में उन्होंने 41 सीटें जीत कर अपनी राजनीतिक ताकत का आभास कराया था। उनका निधन महाराष्ट्र में राजनीतिक समीकरणों में बदलाव का कारण बन सकता है। हालांकि संख्याबल के हिसाब से महाराष्ट्र सरकार में एनसीपी की अहमियत तीसरे नंबर की थी, लेकिन उसका महत्व इसलिए था कि वह भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार में एकनाथ शिंदे की शिवसेना के दबदबे को कम करने में सहायक थी। यह किसी से छिपा नहीं कि शिवसेना और भाजपा में खटपट चलती ही रहती है। इस खटपट के बीच एनसीपी संतुलन कायम करने का काम करती थी। पिछले कुछ समय से यह चर्चा चल रही थी कि एनसीपी के दोनों गुट एक साथ आ सकते हैं। देखना है कि अब ऐसा होता या नहीं और होता है तो किस रूप में?



## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

- 29 जनवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं
- 1528 - मुग़ल साम्राज्य वंश के संस्थापक बाबर ने मेवाड़ के राजा राणा साँगा को हराकर चंदेरी के क़िले पर कब्ज़ा किया।
- 1676 - 'थियोडोर तृतीय' रूस के ज़ार बने।
- 1780 - भारत का पहला समाचारपत्र अंग्रेज़ी में 'हिकीज बंगाल गजट' के नाम से प्रकाशित हुआ। 'हिक्की गजट' या 'बंगाल गजट' या 'कलकत्ता जनरल एडवरटाइजर' का कोलकाता से प्रकाशन हुआ। अंग्रेज़ी भाषा के इस समाचार पत्र के संपादक 'जेम्स ऑगस्टस हिक्की' थे।
- 1889 - आस्ट्रिया हंगरी के युवराज 'आर्कड्यूक रूडोल्फ़' ने अपनी प्रेमिका की हत्या के बाद आत्महत्या कर ली।
- 1916 - 'प्रथम विश्व युद्ध' में जर्मनी ने फ्ऱांस पर पहली बार हमला किया।
- 1919 - चेक फ़ौजों ने गैलीसिया में पोलैंड की फ़ौजों को शिकस्त दी।
- 1939 - रामकृष्ण मिशन सांस्कृतिक संस्थान की स्थापना हुई।
- 1947 - अमेरिका ने चीन में मध्यस्थ की भूमिका छोड़ दी।
- 1949 - ब्रिटेन ने इजऱायल को मान्यता दी।
- 1953 - संगीत नाटक अकादमी की स्थापना हुई।
- 1963 - फ्ऱांस के वीटो के कारण यूरोपीय साझा बाज़ार में ब्रिटेन को प्रवेश नहीं मिल सका।
- 1973 - अमेरिका, सोवियत संघ तथा 17 देश यूरोप में सैन्य बल कटौती में विचार-विमर्श के लिए विएना में बैठक की।
- 1976 - सोवियत संघ अंगोला में राजनीतिक समझौते के लिए सहमत हुआ।
- 1979 - भारत के सबसे पहले जंबो ट्रेन. दो इंजन वाली. तमिलनाडु एक्सप्रेस को नयी दिल्ली स्टेशन से झंडी दिखाकर चेन्नई के लिए रवाना किया गया।
- 1986 - अमेरिकी अंतरिक्ष शटल 'चैलेंजर' दुर्घटनाग्रस्त एवं उसमें सवार सभी 7 अंतरिक्ष यात्रियों की मृत्यु।

## विशेष आलेख

# ममता बनर्जी का ईडी और सीबीआई से टकराना कहीं भारी तो नहीं पड़ेगा?



रामस्वरूप रावतसरे

पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी करीब 35 साल पुराने वामपंथी किले को ध्वस्त करने में 2011 में सफल हो गईं थी, उसके बाद से उनका रथ कभी नहीं रुका। भाजपा की लाख कोशिशों के बावजूद ममता ने तीसरी बार 2021 में बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की सरकार बना ली। इस साल 2026 में होने वाले बंगाल विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिछले 6 महीने के अंदर कई दौरे हो चुके हैं। चुनाव ज्यों-ज्यों करीब आता जाएगा, उनके दौरों का सिलसिला भी तेज होगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहते जेपी नड्डा ने बंगाल का हाल ही में दौरा किया था। नए राष्ट्रीय अध्यक्ष बने नितिन नवीन ने भी इस साल होने वाले सभी 5 राज्यों के चुनावों में भाजपा का परचम लहराने का संकल्प लिया है। नतीजे क्या होंगे, यह तो जनता तय करेगी, लेकिन ममता बनर्जी केंद्रीय एजेंसियों से पंगा लेकर मुश्किल में पड़ती नजर आ रही हैं। अगर सुप्रीम कोर्ट प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के आरोपों पर उनके प्रतिकूल कोई फैसला देता है तो ममता की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। सीबीआई और ईडी से मुख्यंत्रियों के टकराव का हश्र जनता देख चुकी हैं। बिहार का सीएम रहते लालू प्रसाद यादव पर जब पशुपालन घोटाले के आरोप लगे और सीबीआई ने जांच शुरू की तो राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के समर्थकों ने खूब हुड़दंग मचाया। हालत यह थी कि लालू यादव को गिरफ्तार करने के लिए बात सेना बुलाने तक पहुंच गई थी। आरजेडी का कोई पैंतरा काम नहीं आया और अंततः 30 जुलाई 1997 को लालू यादव को सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया। बाद में मुकदमा चला और उन्हें सजा भी हुई। सीबीआई से उलझने के बावजूद लालू बच नहीं पाए। आजादी के बाद सेंट्रल एजेंसी द्वारा मुख्यमंत्री पद पर रहे किसी व्यक्ति के गिरफ्तार होने की यह पहली घटना थी। उन्होंने समझदारी नहीं दिखाई होती तो सीएम रहते ही वे गिरफ्तार हो जाते। जब उन्हें गिरफ्तारी की आशंका प्रबल होती दिखी तो अरेस्ट होने से 2 दिन पहले ही 28 जुलाई 1997 को ही उन्होंने सीएम पद से इस्तीफा दे दिया और अपनी पत्नी राबड़ी देवी को सीएम बना दिया। ऐसे ही दिल्ली का सीएम रहते अरविंद केजरीवाल ने भी केंद्रीय एजेंसी ईडी से पंगा लिया। दिल्ली शराब नीति में घपले के आरोप में ईडी की ओर से पछताछ के लिए उन्हें लगातार 9 नोटिस भेजे गए। उन्होंने उसका न कोई जवाब दिया और न पूछताछ के लिए ईडी के समक्ष हाजिर ही हुए। आखिरकार ईडी ने उनके आवास पर छापा मारा और 21 मार्च 2024 को मनी लांड्रिंग मामले में पहली बार उन्हें गिरफ्तार किया। मुख्यमंत्री पद पर रहते केजरीवाल की यह पहली गिरफ्तारी थी। हालांकि इस मामले में उन्हें जमानत जल्द ही मिल गई, लेकिन उन्हें जेल से बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। दूसरी बार उन्हें 26 जून 2024 को सीबीआई ने तिहाड़ जेल से ही गिरफ्तार कर लिया। अगर वे लालू यादव की तरह समझदारी दिखाते तो सीएम के रूप में उनके गिरफ्तार होने का रिकार्ड नहीं बनता। वे भी अपनी पत्नी को सीएम की कुर्सी पर बिठा सकते थे। केजरीवाल ने दूसरा रिकार्ड यह बनाया कि वे करीब 6 महीने तक जेल से ही सरकार चलाते रहे। बाद में इस पर कोर्ट से लेकर मीडिया तक हंगामा मचा तो उन्होंने आतिशी को मुख्यमंत्री की कुर्सी सौंपी। यानी ईडी से पंगा लेना अरविंद केजरीवाल को महंगा पड़ा। इसी प्रकार झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन पर जमीन घोटाले का आरोप लगा। मामला मनी लांड्रिंग का बना तो ईडी ने जांच के लिए उन्हें कई बार नोटिस भेजा। इस मामले को हेमंत सोरेन ने हल्के में लिया। वे ईडी से राहत की उम्मीद में हाईकोर्ट-सुप्रीम कोर्ट का चक्कर लगाते रहे। 10 नोटिस के बावजूद जब हेमंत सोरेन ने ईडी को कोई जवाब नहीं भेजा तो आखिरकार ईडी ने उन्हें 31 जनवरी 2024 को उनके सरकारी आवास से गिरफ्तार कर लिया। जमीन घोटाले का मामला अभी अदालत में है, लेकिन जमानत मिलने के बाद हेमंत सोरेन ने एक ही टर्म में दूसरी बार सीएम पद की शपथ लेने का रिकार्ड बना दिया। बहरहाल, हेमंत सोरेन भी ईडी से पंगा लेकर बच नहीं पाए। ममता बनर्जी ने न सिर्फ ईडी के खिलाफ मोर्चा खोला है, बल्कि वे पहले सीबीआई से भी टकरा चुकी हैं। केंद्रीय एजेंसियों से उनका टकराव कई बार अदालतों तक भी पहुंचा है। ममता का आरोप है कि विपक्ष को परेशान करने के लिए बेवजह केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ईडी, सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल करती है। हालांकि बंगाल में कई मंत्री और नेताओं को सेंट्रल एजेंसियों ने भ्रष्टाचार के आरोपों में न सिर्फ गिरफ्तार किया, बल्कि छापों के दौरान उनके और करीबियों के घरों से भारी नकदी और अकूत संपत्ति के दस्तावेज भी बरामद-जब्त किए। इसी महीने (जनवरी 2026) में ईडी ने इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमिटी (आई-पैक) के दफ्तर समेत कई अन्य ठिकानों पर छापेमारी की।राजनीतिक दलों के लिए आई-पैक चुनावी रणनीति बनाती है। 2019 से आई-पैक टीएमसी के लिए चुनावी रणनीति बनाने का काम कर रही है। ईडी का कहना है कि कोयला घोटाले से जुड़े मामले में आई-पैक के दफ्तर पर छापेमारी की गई। उस दौरान ममता बनर्जी पुलिस के बड़े अफसरों के साथ वहां पहंच गईं। ईडी के काम में बाधा डाली। ईडी टीम के हाथ से उन्होंने कुछ फाइलें छीन लीं। कंपनी के मालिक प्रतीक जैन का मोबाइल भी वे अपने साथ ले गईं। दोनों ओर से अपनी-अपनी दलीलों के साथ मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है। ममता बनर्जी पर आरोप है कि उन्होंने छापेमारी वाली जगह जाकर ईडी की कार्रवाई को रोकने की कोशिश की। उन्होंने सीनियर पुलिस अधिकारियों के साथ ईडी अधिकारियों से दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस छीने। सीएम ममता बनर्जी कहती हैं कि टीएमसी से जुड़ी जानकारी की चीजें वे वहां से लेकर आईं। ईडी ने इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर सीबीआई जांच की मांग की है। ईडी ने ममता बनर्जी, डीजीपी राजीव कुमार और अन्य अधिकारियों पर काम में बाधा पहुंचाने का आरोप लगाया है। सुप्रीम कोर्ट ने इसे गंभीर मुद्दा माना है और कहा है कि ऐसे मामले नहीं सुलझे, तो अन्य राज्यों में भी कानूनहीनता की स्थिति पैदा हो सकती है। इससे पहले फरवरी 2019 में सीबीआई कोलकाता के तत्कालीन पुलिस कमिश्नर राजीव कुमार के आवास पर सीबीआई के अधिकारी पूछताछ के लिए गए तो उन्हें न सिर्फ रोकने की कोशिश हुई थी।

# अजित पवार: आरोपों से ऊपर उठे राजनीति के 'दादा-पुरुष'

*एक संभावनाओं भरी महाराष्ट्र की राजनीति एवं राष्ट्रीय विचारों का सफर ठहर गया, उनका निधन न केवल महाराष्ट्र के लिये, भारत की राष्ट्रवादी सोच के लिये बल्कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रवादी राजनीति पर एक गहरा आघात है, अपूरणीय क्षति है।*



ललित गर्ग

यह खबर केवल एक व्यक्ति के निधन की नहीं है, बल्कि महाराष्ट्र की राजनीति के एक पूरे युग के अचानक थम जाने की सूचना है। 28 जनवरी 2026 की सुबह जब बारामती में हुए विमान हादसे में उपमुख्यमंत्री अजित अनंतराव पवार के असामयिक निधन की पुष्टि हुई, तो वह क्षण केवल पवार परिवार के लिए नहीं, बल्कि समूचे महाराष्ट्र और देश की राजनीति के लिए गहरे शोक और स्तब्धता का कारण बन गया। जिस नेता को लोग अधिकार, अनुभव और निर्णय क्षमता का पर्याय मानते थे, उसका इस तरह अचानक चले जाना सत्ता, प्रशासन और राजनीतिक संतुलन में एक बड़ा रिक्त स्थान छोड़ गया है। एक संभावनाओं भरी महाराष्ट्र की राजनीति एवं राष्ट्रीय विचारों का सफर ठहर गया, उनका निधन न केवल महाराष्ट्र के लिये, भारत की राष्ट्रवादी सोच के लिये बल्कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रवादी राजनीति पर एक गहरा आघात है, अपूरणीय क्षति है। उनके निधन से सहकारी आन्दोलन को भी गहरा धक्का लगा है। अजित पवार का जीवन किसी राजसी



विरासत की सहज कहानी नहीं था। 22 जुलाई 1959 को अहमदनगर जिले के देओली प्रवरा क्षेत्र में जन्मे अजित पवार ने जीवन को बहुत करीब से संघर्ष करते हुए देखा। उनके पिता अनंतराव पवार फिल्म जगत से जुड़े रहे, राजकमल स्टूडियो में काम किया, लेकिन पारिवारिक परिस्थितियां साधारण रहीं। औपचारिक शिक्षा माध्यमिक स्तर तक ही सीमित रही, किंतु जीवन की व्यावहारिक पाठशाला ने उन्हें वह सिखाया जो बड़े-बड़े शैक्षणिक संस्थान भी नहीं सिखा पाते। शायद यही कारण रहा कि अजित पवार की राजनीति किताबों से नहीं, जमीन से निकली हुई राजनीति थी, जिसमें किसानों की पीड़ा, सहकारी संस्थाओं की ताकत और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की नब्ज साफ दिखाई देती थी। राजनीति में उनका प्रवेश किसी बड़े मंच से नहीं, बल्कि सहकारी आंदोलन की प्रयोगशाला से हुआ। 1982 में मात्र बीस वर्ष की आयु में उन्होंने एक चीनी सहकारी संस्था का चुनाव लड़ा। यह वही दौर था जब महाराष्ट्र की राजनीति में सहकारी संस्थाएं सत्ता की रीढ़ मानी जाती थीं। अजित पवार ने बहुत जल्दी समझ लिया कि यदि ग्रामीण महाराष्ट्र को साधना है तो उसे बैंक, चीनी मिल, सिंचाई और बिजली से जोडना होगा। यही समझ आगे चलकर उनकी राजनीतिक पहचान की सबसे बड़ी ताकत बनी। 1991 अजित पवार के राजनीतिक जीवन का निर्णायक वर्ष रहा। पुणे जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष बनने के साथ ही उन्होंने वित्तीय प्रशासन और संगठन संचालन में अपनी दक्षता का परिचय दिया। सोलह वर्षों तक इस पद पर बने रहना अपने आप में उनकी विश्वसनीयता और पकड़ को दर्शाता है।

## लघुकथा

बढ़ता राजस्थान

### उलझन



नौकरी का नियुक्ति-पत्र मिला तो खुशी से उसकी आँखों में आँसू आ गए। इस नौकरी की प्रतियोगी परीक्षा के लिए उसने जी तोड़ मेहनत की थी। ईश्वर और वृद्ध माता के चरणों में नियुक्ति-पत्र रखकर, वह लपकता हुआ, पड़ोस के अंकल का आशीर्वाद लेने पहुँचा, जिनका बेरोजगार पुत्र उसका अभिन्न मित्र था।आशा के विपरीत, अनमनेपन से आशीर्वाद देते हुए अचानक अंकल ने पूछा, बेटा, एक बात तो बता, कितने पैसे दिये थे, इस नौकरी के लिए...? उल्लास से दमकता उसका मन सहसा बुझ गया, इस अप्रत्याशित प्रश्न से, अचानक चली हवा से बुझने वाले दीपक की तरह...। नौकरी मिलने की खुशी आधी रह गयी थी, अपनों के, इस मिथ्या आरोप से...। अंकल के शब्द......ईर्ष्या का भाव था या सामाजिक कुरीतियों के प्रति, उनकी गहरी आस्था? वह कोई फैसला न कर सका।

## हैल्थ टिप्स

बढ़ता राजस्थान

# सिर्फ 10 दिनों में घटाना है वजन? फॉलो करें एक्सपर्ट के बताए ये टिप्स

01.कम मात्रा में खाएं -अगर आप वजन कम करना चाहते हैं, तो इसके लिए डाइटिंग जरूरी नहीं है। वजन कम करने के लिए आप हर चीज खा सकते हैं। लेकिन ध्यान रहे चीजों को बैलेंस में ही खाएं। यानी थोड़ी-थोड़ी मात्रा में चीजों को खाएं और अच्छी तरीके से चबाकर खाएं। इससे दिमाग को यह समझने में मदद मिलेगी कि अब आपका पेट भर चुका है और आप ओवरईटिंग से भी बच जाएंगे।

02.प्रोटीन को शामिल करें - अगर आप तेजी से वजन कम करना चाहते हैं, तो आपको अपनी रोजाना की डाइट में प्रोटीन को जरूर शामिल करना चाहिए। दूध, अंडा और पनीर का सेवन करने से आपका पेट ज्यादा देर तक भरा रहता है और आपको जल्दी भूख भी नहीं लगती है। इससे वजन घटाने में मदद मिल सकती है।

03.रोजाना 30 से 40 मिनट वॉक करें-वजन कम करने के लिए रोजाना 30 से 40 मिनट की वॉक भी जरूरी है। ऐसे में, अगर आप जल्दी वजन कम करना चाहते हैं, तो रोजाना समय निकालकर 30 से 40 मिनट की वॉक जरूर करें। इससे कैलोरी बर्न होती है और आपके शरीर में ऊर्जा भी बनी रहती है।

04.अच्छी नींद लें -बहुत कम लोग ही यह जानते हैं की अच्छी नींद से वजन को तेजी से कम किया जा सकता है। जी हां, अगर आप रोजाना 7 से 8 घंटे की अच्छी और गहरी नींद लेंगे, तो इससे आपके हार्मोन बैलेंस रहेंगे और आपका वजन भी तेजी से घटेगा। इसलिए अपनी नींद भी फोकस करें।

05.हाइड्रेटेड रहें-वजन को कम करने के लिए हाइड्रेटेड रहना भी जरूरी है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

आज आपके सोचे हुए काम पूरे होंगे, जैसे आपको खुशी होगी। धन को लेकर यदि कोई समस्या थी, तब वह भी दूर हो सकती है। सामाजिक क्षेत्र में भी आपको अच्छी सफलता मिलेगी।

**वृष**

आज का दिन आपके लिए दानपुण्य के कार्यों में बढ़ चढक़र हिस्सा लेने के लिए रहेगा। आपकी किसी पुराने साथी से मुलाकात होगी। वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याएं दूर होंगी।

**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आप जीवनसाथी के साथ रोमांटिक पल व्यतीत करेंगे और आपको यदि कोई शारीरिक समस्या थी, तो वह भी दूर होगी। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा।

**कर्क**

आज के दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढ़ाने के लिए रहेगा। दोस्तों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। अविवाहित जातकों के जीवन में किसी नए मेहमान की दस्तक हो सकती है।

**सिंह**

आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपको अपने लंबे समय से रुके हुए कामों पर फोकस करने की आवश्यकता है।

**कन्या**

आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपको अपनी आय और व्यय में तालमेल बनकर चलना होगा। आप अपने बढ़ते खर्चों को कंट्रोल करने की कोशिश करें।

**तुला**

आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको अपने अलास्य को त्याग कर आगे बढ़ाने की आवश्यकता है, तभी आपके काम आसानी से पूरे होंगे। आप अपनी आवश्यकताओं के अनुसार ही खर्च करें।

**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए आय के मामले में बढिय़ा रहने वाला है। आप अपने घर की साज-सज्जा के लिए भी कुछ नई चीजों की खरीदारी कर सकते हैं। परिवार में यदि किसी बात को लेकर कलह चल रही थी।

**धनु**

आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। मित्रों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। परिवार के सदस्यों के साथ आप किसी से लंबी दूरी की यात्रा पर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं।

**मकर**

आज आप अपने अधूरे कामों को पूरा करने के पूरे कोशिश करेंगे। सामाजिक कामों में आप बढ़ चढक़र हिस्सा लेंगे, जिससे आपकी छवि और निखरेगी। परोपकार के कार्यों में आप आगे बढ़ेंगे।

**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपको अपनी आय और व्यय में संतुलन बनाकर चलने की आवश्यकता है, क्योंकि आपके सामने कुछ ऐसे खर्चे आएंगे, जो आपको मजबूरी में ना चाहते हुए भी करने पड़ेंगे।

**मीन**

आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। बिजनेस में आपको अच्छी कमाई होगी और आपकी पार्टनरशिप भी बेहतर चलेगी। आप अपने व्यवसाय को कहीं बाहर तक ले जाने की कोशिश में भी कामयाब रहेंगे।

## टोंक के मोहित वैष्णव बने 'इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स आईबीआर अचीवर 2027

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोतम जोशी )** । कोविड-19 महामारी जैसे कठिन समय में जब डर और असमंजस का माहौल था, तब टोंक के मोहित वैष्णव ने अपने समूह कम्युनिटी थिएटर टोंक सोसायटी के साथ मिलकर रंगमंच को माध्यम बनाकर रचनात्मक माध्यम से समाज को जागरूक करने का बीड़ा उठाया। उनके इसी उल्लेखनीय सामाजिक योगदान को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स 2027 में स्थान देते हुए उन्हें 'आईबीआर अचीवर' के प्रतिष्ठित खिताब से सम्मानित किया गया है। इससे पूर्व गूगल की और से भी मोहित को 'लोकल गाइड' से सम्मानित किया जा चुका हैं। मोहित कुमार वैष्णव ने कोरोना काल के दौरान अपने समूह कम्युनिटी थिएटर टोंक के साथ नुक्कड़ नाटकों, करोना एवं वेक्सीन लगवाने के प्रति जागरूकता आदि के जरिए आमजन तक स्वास्थ्य, सुरक्षा, स्वच्छता, मास्क का उपयोग, शारीरिक डिस्टेंसिंग और सार्वजनिक जिम्मेदारियों से जुड़े संदेश सरल और प्रभावी तरीके से पहुँचाए। उनके नाटकों का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि लोगों की सोच और व्यवहार में सकारात्मक बदलाव लाना था। इस जागरूकता के दौरान मोहित ख़ुद कोरोना पॉजिटिव भी हुए।



इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स की एडिटोरियल बोर्ड द्वारा की गई गहन जांच और सत्यापन प्रक्रिया के बाद मोहित के कार्यों को चयनित किया गया। रिकॉर्ड्स संस्था ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि मोहित ने धैर्य, निरंतरता और सामाजिक प्रतिबद्धता के साथ यह कार्य किया, जो उन्हें इस सम्मान का योग्य बनाता है।

इस उपलब्धि के अंतर्गत मोहित वैष्णव को उपलब्धि प्रमाण पत्र, मेडल, बैज, रिकॉर्ड होल्डर आईडी कार्ड, विशेष पेन और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स 2026 संस्करण प्रदान किया जाएगा।

## यूजीसी कानून में बदलाव को लेकर सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोतम जोशी )** । यूजीसी कानून में प्रस्तावित बदलावों के विरोध में विप्र फाउंडेशन किरावल इकाई के अध्यक्ष श्रीराम शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर टोंक को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि यूजीसी कानून में किए जा रहे संशोधन उच्च शिक्षा व्यवस्था, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के हितों के विपरीत हैं। इससे विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता प्रभावित होने के साथ-साथ शिक्षा की गुणवत्ता पर भी नकारात्मक असर पड़ेगा। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि प्रस्तावित बदलावों को वापस लिया जाए तथा शिक्षा क्षेत्र से जुड़े सभी पक्षों से विचार-विमर्श के बाद ही कोई निर्णय किया जाए। इस दौरान विप्र फाउंडेशन के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य भी उपस्थित रहे।

## भाजपा ज़िलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने मंडल प्रभारी किए नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोतम जोशी )** । भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ की अनुमति एवं भाजपा जिला प्रभारी जितेंद्र शर्मा एवं सह प्रभारी रामानन्द गुर्जर की सहमति से टोंक जिले के 25 मंडलों पर मंडल प्रभारी नियुक्त किए हैं।भाजपा मीडिया प्रभारी कमलेश यादव ने बताया किरमेश गढ़वाल पं. दीनदयाल उपाध्याय,हनुमान प्रसाद बैरवा डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी,शंकर विजय मेहन्दवास,चौथमल विजय टोंक देहात,किशन गोपाल जाट बरवास,जयनारायण वर्मा उनियारा शहर,नरेन्द्र सैनी (बनेठा) अलीगढ़,लक्ष्मीनारायण मीणा ककोड,पदम जैन (बीजवाड) देवली देहात,शंकर चौधरी दूनी,सांवरिया बैरागी नासिरदा,विनय सिंह ताखर देवली शहर,सत्यनारायण चन्देल निवाई शहर,रतनदीप गुर्जर डांगरथल,कर्णसिंह राजावत नटवाड़ा,दयाराम जाट अरनिया,श्योराज जाट मुमाणा गहलोद,रामनिवास गुर्जर पीपलू,राजेन्द्र कोठारी शहर मण्डल मालपुरा,प्रहलाद चावला शहर मण्डल टोडारायसिंह,रोडू लाल चौधरी लावा,अरविंद जैन पचेवर,गणेश चौधरी लाम्बाहरिसिंह,हंसराज गुर्जर मोर,गोपाल सिंह खंगारोत संवारिया मंडल का प्रभारी बनाया है।

## 31 जनवरी व 1 फरवरी को यहां लगेंगे शिविर

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)** । राज्य सरकार के निर्देशानुसार एक दिवसीय विशेष ग्राम उत्थान शिविर उपखंडवार गिरदावर सर्किल पर आयोजित होंगे। शिविर के नोडल अधिकारी अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौकरिया ने बताया कि शनिवार, 31 जनवरी को उपखंड टोंक में सोनवा, पीपलू में लोहरवाडा, निवाई में गुन्सी, मालपुरा में पचेवर व मोरला, देवली में बंथली, उनियारा में ककोड व ढिकोलिया एवं टोडारायसिंह में भांसू में शिविर आयोजित होंगे। इसी तरह रविवार, 01 फरवरी को उपखंड टोंक में अरनियामाल, पीपलू में बनवाडा, निवाई में करेडा बुजुर्ग, मालपुरा में टोरडी व डिग्गी, देवली में पनवाड एवं उनियारा में पलाई में शिविर आयोजित होंगे।

## पत्रकार लक्ष्मीचंद शर्मा को किया एसडीएम ने किया सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)**। पत्रकारिता क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर निवाई पत्रकार संघ के उपाध्यक्ष लक्ष्मीचंद शर्मा को उपखंड अधिकारी प्रीति मीणा, तहसीलदार नरेश गुर्जर, पुलिस उपाधीक्षक रविप्रकाश शर्मा, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष नितिन छाबड़ा व प्रधानाचार्य गिरिराज गुर्जर द्वारा सम्मानित किया गया।

# मानस्तम्भ जैन वास्तु कला का एक हिस्सा-आचार्य वर्धमान सागर

### 71 वर्ष प्राचीन 41 फिट के मानस्तम्भ के चारों दिशाओं में श्रीजी का किया मस्तकाभिषेक

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)**। सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में आचार्य वर्धमान सागर महाराज एवं मुनि हितेन्द्र सागर महाराज के सानिध्य में मानस्तम्भ महामस्तकाभिषेक का आयोजन किया गया। जिसमें सेंकड़ों श्रद्धालुओं ने श्रद्धा एवं भक्ति पूर्वक कलशाभिषेक किया। जैन समाज के मीडिया प्रभारी सुनील भाणजा व विमल जौंला ने बताया कि आचार्य वर्धमान सागर महाराज संघ में 33 साधुओं के सानिध्य में महिलाओं की कलशयात्रा से भूमिशुद्धि, यागमंडल विधान का आयोजन हुआ। बुधवार को आचार्य निमंत्रण, ध्वजवंदन, ध्वजारोहण मंदिर जी में कलशारोहण मानस्तम्भ में विराजित चार श्रीजी का पुण्यार्जक परिवारों द्वारा भव्य पंचामृत अभिषेक एवं शांतिधारा का धार्मिक अनुष्ठान विधानाचार्य सुरेश के शास्त्री के निर्देशन में मंत्रोच्चारण के साथ किया गया।



आयोजन समिति के मीडिया संयोजक सुनील भाणजा एवं विमल जौंला ने बताया कि दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर कमेटी के तत्वावधान में दो दिवसीय महामहोत्सव में आचार्य वर्धमान सागर को आचार्य निमंत्रण दिया गया। कार्यक्रम के दौरान चेतन कुमार, महेश कुमार गिन्दौड़ी द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवं मंदिर के शिखर पर नवीन कलशारोहण नरेंद्र कुमार, विनय कुमार चंवरिया द्वारा किया गया। इस दौरान मानस्तम्भ पर 41 फिट ऊपर विराजित आदिनाथ भगवान का पंचामृत अभिषेक एवं शांतिधारा अरुण कुमार, अर्पित कुमार लटूरिया एवं चंद्रप्रभु भगवान का पंचामृत अभिषेक विनोद कुमार, महेंद्र कुमार सुनारा, शांतिधारा सुरेश कुमार, मनोज कुमार पाटनी, शांतिनाथ भगवान का पंचामृत अभिषेक एवं शांतिधारा विष्णु कुमार, राहुल कुमार बोहरा एवं भगवान महावीर का पंचामृत अभिषेक एवं शांतिधारा सुशील कुमार, राहुल कुमार जैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुनि हितेंद्र सागर महाराज ने कहा कि मानस्तम्भ जैन मंदिरों के सामने एक ऊंचा स्वतंत्र आध्यात्मिक स्तंभ होता है। जिसको देखकर भव्य जीवों का अहंकार नष्ट हो जाता है। वह विनम्र होकर भगवान के दर्शन करते हैं। मान स्तंभ के शीर्ष पर चारों दिशा में चार भगवान की प्रतिमा होती है। निचले हिस्से में तीन सीढियां होती है जो सम्यक दर्शन सम्यक ज्ञान और सम्यक चारित्र का प्रतीक है। मानस्तंभ जैन वास्तु कला का एक हिस्सा है।

## भामाशाहों ने विद्यालय विकास के लिए भेंट किए 2 लाख 51 हजार रुपए

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)**। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सीदडा में गणतंत्र दिवस समारोह में भामाशाहों ने 2 लाख 51 हजार की राशि का विद्यालय में सहयोग किया है। मुख्य अतिथि सरपंच रामसहाय मीणा रहे। विद्यालय प्रधानाचार्य बीरबल मीणा ने बताया कि विद्यालय में पदस्थापित कार्मिक डॉक्टर कृष्णा गुप्ता, शारीरिक शिक्षक मांगीलाल थोरी, प्रधानाचार्य बीरबल मीणा, उप प्रधानाचार्य शीला मीणा, गंगदेव मीणा व पूर्व उपसरपंच शंकरलाल मीणा सहित विद्यालय कार्मिकों व ग्रामीणों ने विद्यालय विकास के लिए 2 लाख 51 हजार रुपए का आर्थिक योगदान किया है। इस अवसर पर सभी भामाशाहों का परंपरा अनुसार सम्मान किया गया। गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान विद्यालय के छात्र छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान एसएमसी अध्यक्ष लाली मीणा, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार मीणा, उप सरपंच रामधन मीणा, मोहन मीणा व रामलाल मीणा सहित कई लोग मौजूद थे।

## पत्रकार गोविंद सिंह सेठी का जन्मदिन स्थानीय कोर्ट परिसर में आत्मीयता सादगी और सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाया





बढ़ता राजस्थान

**देवली (नि.स.)**। शहर के निष्पक्ष पत्रकार एवं जनहितकारी सोच के लिए पहचाने जाने वाले गोविंद सिंह सेठी का जन्मदिन बुधवार को स्थानीय कोर्ट परिसर में आत्मीयता सादगी और सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता छीतर सिंह के कार्यालय पर देवली कोर्ट के दर्जनों अधिवक्ता ने पत्रकार गोविंद सिंह सेठी को जन्मदिन पर माला पहनाकर उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं भेंट की। साथ सभी मौजूदा एडवोकेट मे बाबूलाल मीणा ललित चौहान,अनिल चौहान,रमेश शर्मा, राजेन्द्र जेतरवाल, प्रदीप बेरवा, बाबूलाल कटारिया,अनिल भूरिटाया, अजय सिंह मीणा,अजीत सिंह भारत सिंह बंसी कलवार सहित कई गणमान्य अधिवक्ताओं ने पत्रकार गोविंद सिंह सेठी को स्वस्थ जीवन दीर्घायु और पत्रकारिता में निरंतर सक्रिय रहने की कामना की। इस अवसर पर अभिभावक संघ के अध्यक्ष ललित चौहान, अनिल चौहान,अजय सिंह मीणा आदी ने अपने-अपने उद्बोधन में कहा कि पत्रकार सेठी निष्पक्ष सजग और जिम्मेदार पत्रकारिता के प्रतीक हैं। समाज के मूल मुद्दों को बेबाकी से उठाते चले आ रहे हैं । पत्रकार सेठी की लेखनी आमजन की आवाज बनकर व्यवस्था के आगे सवाल खड़े करती है। और सकारात्मक बदलाव की प्रेरणा देती हैं । कहा कि पत्रकार सेठी शहर की समस्या और विकास एवं पीडितों की मदद के लिए हमेशा सक्रिय बने रहते हैं। इसी प्रकार भगवान गुरु कृपा संस्थान के पंडित मुकेश गौतम ने भी, सेठी को माला पहनकर उन्हें आशीर्वाद दिया और उज्जवल भविष्य की कामना की तो वही पत्रकार लोकेश लश्कर बृजेश भारद्वाज आशीष बागड़ी योगेश दाधीच,पत्रकार नोरत मल नामा, समाजसेवी दौलत खत्री, पंकज जोशी, सहित सैकड़ो गणमान्यों ने पत्रकार सेठी को जन्मदिन की हार्दिक बधाइयां भेट की । इस अवसर पर पत्रकार गोविंद सिंह सेठी ने कोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं सहित सभी का आभार प्रकट किया और भरोसा दिलाया कि वह शहर की समस्या और विकास एवं पीडितों के मदद के लिए हमेशा सक्रिय और समर्पित बने रहेंगे।

## प्रदेश अध्यक्ष शंकर गोरा के पदभार ग्रहण कार्यक्रम को लेकर बनी रणनीति



बढ़ता राजस्थान

**टोड़ारायसिंह/टोंक (उमाशंकर शर्मा)** ।भारतीय जनता युवा मोर्चा की एक महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को रामकृष्ण भवन टोडारायसिंह में आयोजित की गई। यह बैठक कैबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के नेतृत्व में तथा भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष चन्द्रवीर चौहान के आदेशानुसार संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य भारतीय जनता युवा मोर्चा के नव-नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष शंकर गोरा के पदभार ग्रहण समारोह को ऐतिहासिक बनाने को लेकर चर्चा करना रहा। यह कार्यक्रम 30 जनवरी को जयपुर में आयोजित किया जाएगा। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जिले से अधिक से अधिक संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को जयपुर ले जाया जाएगा, ताकि कार्यक्रम को भव्य और सफल बनाया जा सके। इस अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा एवं भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान वक्ताओं ने युवाओं की संगठनात्मक भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि युवा मोर्चा संगठन की रीढ़ है और आगामी कार्यक्रमों की सफलता में उसकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया कि वे अधिक से अधिक संख्या में जयपुर पहुंचकर प्रदेश अध्यक्ष के पदभार ग्रहण समारोह को ऐतिहासिक बनाएं। कार्यक्रम का समापन संगठन की एकजुटता और मजबूती के संकल्प के साथ किया गया।

## श्रीराम महाराज ने सडक़ का मरम्मत कार्य करवाकर रचा इतिहास

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)**। गाँव काटोली में स्थित महाभारत कालीन मॉ भद्रकाली व शिव मंदिर के पीठाधीश्वर श्रीराम महाराज अघोरी ने ग्रामीणों की परेशानियों को देखते हुए 1.5 किलोमीटर रोड़ का मरम्मत कार्य करवाकर सराहनीय कार्य किया है। श्रीराम महाराज ने बताया कि गांव में सडक मार्ग पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गया था। जिस पर एक दुर्घटना हो गई। दुर्घटना में एक बच्चे का पैर फैक्चर हो गया था। जिसकी सूचना पर श्रीराम महाराज भी घटनास्थल पर पहुँचे। घटना को देखकर उन्होंने दुख प्रकट किया और उन्होंने ग्रामीणों को 7 दिन में सडक का मरम्मत कार्य करवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने करीब 500 ट्रॉली मोहर्रम डलवाकर सडक मरम्मत का कार्य पूर्ण करवा दिया है। जिससे श्रद्धालुओं व ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड गई। श्रीराम महाराज ने जन कल्याण के कार्य करवाते हुए करीब 7 लाख व्यक्तियों को नशा छुड़ाकर एक नया जीवन जीने की राह दी है। 221 बेटियों की शादी करवाकर समाज को एक नई दिशा दिखाई है। ग्रामीणों ने बताया कि श्रीराम महाराज कई जन कल्याण के कार्य करते रहते हैं। इस अवसर पर ठाकुर चोथराज सिंह, मुकेश मीणा, भागचंद गुर्जर, रवि मीणा व प्रभु मीणा सहित सैकड़ों भक्त मौजूद थे।

## श्रीमद् भागवत कथा में ध्रुव चरित्र और जड़ भरत चरित्र का वृतांत सुन श्रद्धालु हुए भाव विभोर

बढ़ता राजस्थान

**टोड़ारायसिंह/टोंक (उमाशंकर शर्मा)** ।उपखण्ड की ग्राम पंचायत मांदोलाई के गांव खेजडों का बास के श्री कृष्ण कुंज में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में तीसरे दिन बुधवार को कथा वाचक भगवत रसिक संत अवधेश महाराज ने ध्रुव चरित्र और जड़ भरत चरित्र प्रसंग सहित अन्य कथाएं सुनाई। उन्होंने ध्रुव चरित्र कथा में बताया कि दृढ़ संकल्प और ईश्वर में विश्वास से कठिन से कठिन लक्ष्य और काम को प्राप्त किया जा सकता है। ध्रुव की अटूट भक्ति और दृढ़ संकल्प की कथा है। कथा वाचक ने कहा कि राजा उत्तानपाद के दो रानियां थीं, और ध्रुव महारानी सुनीति के पुत्र थे, लेकिन सौतेली मां सुरूचि ने राजा की गोद में बैठने पर ध्रुव को अपमानित किया। इसी से क्रोधित हो गए 5 वर्षीय ध्रुव भगवान विष्णु की तपस्या के लिए निकल पड़े। ध्रुव ने एक पैर पर 6 माह तपस्या कर भगवान विष्णु को प्रसन्न किया। इस पर भगवान विष्णु ने ध्रुव को आकाश में ध्रुव तारा के रूप में सर्वोच्च और अटल स्थान प्रदान किया। इस दौरान कथा वाचक अवधेश महाराज ने जड़ भरत की कथा में कहा कि सांसारिक मोह व आसक्ति ही जन्म मृत्यु के चक्र का कारण है। भगवान की भक्ति तथा वैराग्य ही मोक्ष का मार्ग है। उन्होंने जड़ भरत कथा में कहा कि तीन जन्मों की कथा है। जिसमें सम्राट, मृग तथा जड़ ब्राह्मण के रूप में हुआ। इस दौरान उन्हें पूर्व जन्म की स्मृति रहीं। राजा रहूगण को आत्म ज्ञान दिया, जिसमें आसक्ति (मोह) से बचने के लिए और ईश्वर भक्ति के महत्व पर जोर दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



**भाजपा की जीरामजी को लेकर कार्यशाला**

# पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष हेमराज मीणा ने गिनाई उपलब्धियाँ

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोतम जोशी )** । विकसित भारत जी राम जी को लेकर भारतीय जनता पार्टी टोंक की कार्यशाला निजी महाविद्यालय उनियारा में भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान की अध्यक्षता में रखी गई। कार्यशाला में मुख्य वक्ता पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष हेमराज मीणा रहे।हेमराज मीणा ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं बल्कि जनजागरण को गति देना है।उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता इस अधिनियम की सही जानकारी घर-घर तक पहुंचाएं और विपक्ष के झूठे प्रचार का मजबूती से जवाब दें।भाजपा की रणनीति केवल विरोध का जवाब देने तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि सरकार की उपलब्धियों को भी आक्रामक तरीके से सामने रखा जाएगा।उन्होंने कहा कि कांग्रेस का आंदोलन राजनीतिक हताशा का परिणाम है।जनता ने भाजपा को स्पष्ट जनादेश दिया है और सरकार उसी भरोसे पर काम कर रही है।कार्यशाला में हेमराज मीणा ने कहा कि वीबी जी रामजी को लेकर कांग्रेस जो भ्रामक प्रचार कर रही है, उसे दूर करें।भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने कहा कि वीबी जी रामजी अधिनियम सरकारी दस्तावेज नहीं बल्कि ग्रामीण भारत की तस्वीर बदलने का संकल्प है।उन्होंने कहा कि यह योजना गांवों के सर्वांगीण विकास और सामाजिक उत्थान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।जिला प्रभारी जितेंद्र शर्मा ने कहा कि वीबी जिरामजी विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है, जो मनरेगा की जगह लेगा और ग्रामीण विकास को गति देगा साथ ही भ्रष्टाचार पर रोक लगाएगा। ये नवाचार, प्रधानमंत्री की किसानों एवं श्रमिकों के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को साबित करता है. जिसका उद्देश्य है, ऐसे सुधारों से विकसित भारत 2047 के विजन से ग्रामीण भारत का व्यापक योगदान सुनिश्चित करना।इस अवसर पर जिला महामंत्री प्रभु बाडोलिया, जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर, ममता जाट,जिला मंत्री नीलिमा आमेरा,मोनिका जैन, मंडल अध्यक्ष महावीर गुर्जर, महावीर पालीवाल,विनोद माहुर, अंकित डाबर,अतुल पारासर सहित अन्य मौजूद रहे।



# सरकार ने महामहिम से असत्य बुलवाने का पाप किया: नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली

बढ़ता राजस्थान

**अलवर/जयपुर (का.स.)।** राजस्थान विधानसभा में बुधवार को पेश किए गए राज्यपाल के अभिभाषण पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने इसे 'निराशाजनक और दिशाहीन' करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह अभिभाषण सरकार की विफलताओं पर पर्दा डालने की नाकाम कोशिश है और सरकार ने अपनी पीठ थपथपाने के लिए राज्यपाल से असत्य बुलवाने का प्रयास किया है। नेता प्रतिपक्ष ने प्रेस वार्ता में सरकार को घेरते हुए प्रमुख बिंदु मीडिया के सामने रखे। पेपर लीक पर वाहवाही, ओएमआर घोटाले पर चुप्पी उन्होंने कहा कि सरकार दावा कर रही है कि पेपर लीक नहीं हुए, लेकिन अभिभाषण शुरू होने से ठीक पहले सामने आए ओएमआर शीट घोटाले पर सरकार और राज्यपाल दोनों ने चुप्पी साधे रखी। यह युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। खेल और खिलाड़ियों का अपमान जूली ने कहा कि 'खेलो इंडिया' का जिक्र तो किया गया, लेकिन यह एक फ्लॉप शो था जहां रेस में बच्चे अकेले दौड़ते नजर आए। उन्होंने याद दिलाया कि कांग्रेस सरकार के 'राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक' में 30 लाख से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया था। जोधपुर में हमारी सरकार द्वारा तैयार 'स्टेट स्पोर्ट्स इंस्टिट्यूट' को द्वेष भावना के चलते शुरू नहीं किया जा रहा है।



**शिक्षा और रोजगार: वादे बनाम हकीकत**

भाजपा ने एक साल में रिक्त पद भरने का वादा किया था, लेकिन आज भी स्कूलों में 1 लाख से अधिक पद खाली हैं। झालावाड़ के स्कूलों की स्थिति दयनीय है। निशुल्क ड्रेस योजना में राशि 1200 रुपये से घटाकर 600 रुपये कर दी गई है और इसे केवल एससी/एसटी तक सीमित कर दिया गया है। भरतपुर और डीग जिलों में बालिकाओं को कबाड़ साइकिलें बांटी गई हैं और इस साल की स्कूटी का वितरण अब तक नहीं हुआ है। किसान: लाठियां और धोखा किसान सम्मान निधि: 12 हजार रुपये का वादा था, लेकिन मिल रहे हैं सिर्फ 9 हजार रुपये। खाद की किल्लत: यूरिया और डीएपी दुकानों के बजाय पुलिस थानों में बंट रहा है। किसानों को खाद के लिए लाठियां खानी पड़ीं और जबरन नैनो यूरिया थमाया गया। मुआवजा: 2023 और 2024 के फसल खराबे का मुआवजा अब तक नहीं मिला है। बिजली: कांग्रेस सरकार ने 18 जिलों में दिन में बिजली देना शुरू किया था, यह सरकार 2 साल में केवल 4 जिले बढ़ा पाई है। गांवों में अघोषित कटौती जारी है। राइजिंग राजस्थान और निवेश के हवाई दावे सरकार 35 लाख करोड़ के एमओयू का ढोल पीट रही है, लेकिन खुद मान रही है कि काम केवल 8 लाख करोड़ पर शुरू हुआ। नेता प्रतिपक्ष ने पूछा, बाकी 27 लाख करोड़ के एमओयू का क्या हुआ? क्या वो केवल हवाई बातें थीं? प्रवासी राजस्थानी दिवस भी पूरी तरह फीका रहा और प्रवासी नाराज होकर लौटे। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार केवल नई-नई नीतियां ला रही है, लेकिन उन्हें लागू करने की नीयत नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि अभिभाषण पर होने वाली चर्चा के दौरान विपक्ष विस्तार से सरकार की पोल खोलेगा।

## संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश, पंचायत चुनाव की तैयारियों पर भी हुई चर्चा




बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा की अध्यक्षता में बुधवार सुबह जिला स्तर पर संपर्क पोर्टल पर दर्ज लंबित प्रकरणों के प्रभावी एवं समयबद्ध निस्तारण को लेकर साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को लंबित मामलों के शीघ्र समाधान के स्पष्ट निर्देश दिए गए। यह बैठक प्रशासनिक समन्वय, पारदर्शिता एवं जन सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई। बैठक में संपर्क पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की विभागवार स्थिति की समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि प्रत्येक प्रकरण का निस्तारण नियत समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ किया जाए तथा किसी भी प्रकरण को लंबित न रखा जाए। यह भी कहा गया कि निस्तारित प्रकरणों में संतुष्टि फीडबैक को गंभीरता से लिया जाए ताकि भविष्य में शिकायतों की पुनरावृत्ति न हो।बैठक में एग्रीस्टेक (फार्मर ड्डु3), सामाजिक सुरक्षा पेंशन सत्यापन, पालनहार सत्यापन, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के लंबित आवेदनों के निस्तारण, डीसीएस एवं डीएमआईएस से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। पेंशन एवं पालनहार योजना में पात्र लाभार्थियों के सत्यापन कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए ताकि किसी भी पात्र व्यक्ति को लाभ से वंचित न रहना पड़े। एनएफएसए से जुड़े लंबित मामलों में दस्तावेज़ों की जांच कर त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।बैठक में आगामी पंचायत चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। चुनाव से संबंधित कार्यों में समयबद्धता, निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण करने को कहा गया, ताकि चुनाव प्रक्रिया सुचारु रूप से संपन्न हो सके।अंत में सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जनहित से जुड़े प्रत्येक कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करें तथा शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित करें।

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के पेंशनर्स वर्ष 2026 हेतु वार्षिक भौतिक सत्यापन यथाशीघ्र करावे

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक लक्ष्मण सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के पेंशनर्स के लिए वर्ष 2026 हेतु वार्षिक भौतिक सत्यापन की प्रकिया शुरू कर दी गई है अत: पेंशनर्स शीघ्रातिशीघ्र अपना वार्षिक भौतिक सत्यापन करावे। उन्होंने बताया कि पेंशन अपने नजदीकी ई-मित्र कियोस्क पर जाकर अपनी अंगुली की छाप के माध्यम से सत्यापन करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि पेंशन अपने नजदीकी ई-मित्र कियोस्क पर जाकर अपनी अंगुली की छाप के माध्यम से सत्यापन करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त पेंशन विभाग द्वारा जारी मोबाइल एप के माध्यम से घर बैठे अपने मोबाइल पर फेस कैप्चर करने नि:शुल्क सत्यापन करा सकते हैं, अपने क्षेत्र के पेंशन स्वीकृकर्ता अधिकारी कार्यालय में सम्पर्क कर पेंशन पीपीओ में जुडे मोबाइल नंबर पर ओटी प्राप्त करके, ई-मित्र प्लस मशीनों के माध्यम से भी नि:शुल्क सत्यापन करा सकते हैं। इनमें से किसी भी माध्यम से सत्यापन नहीं हो पाता है तो संबंधित पेंशन स्वीकृतकर्ता अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी/विकास अधिकारी) के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ओटीपी के माध्यम से सत्यापन कराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जिले में वर्तमान सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के कुल 2 लाख 49 हजार 305 पेंशनर्स पेंशन योजना का लाभ प्राप्त कर रहे हैं जिसमें से 42 हजार 173 पेंशनर्स का सत्यापन बकाया है। उन्होंने बताया कि जिले में वर्तमान सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के कुल 2 लाख 49 हजार 305 पेंशनर्स पेंशन योजना का लाभ प्राप्त कर रहे हैं जिसमें से 42 हजार 173 पेंशनर्स का सत्यापन बकाया है। भौतिक सत्यापन के अभाव में जनवरी 2026 के बाद पेंशन राशि का भुगतान नहीं किया जावेगा।

## बिजली घर चौराहे के पास महिला का शव मिला

### पुलिस कर रही जांच,अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया शव

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। अलवर शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में बिजली घर चौराहे के पास नेपाल टिंबर के नजदीक एक अज्ञात महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव दिखने पर आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस और प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी कार्तिकेय वर्मा मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की और शव को जिला अस्पताल भिजवाया, जहां पहचान के लिए उसे पोस्टमार्टम हाउस की मोर्चरी में रखवाया गया है। आईपीएस कार्तिकेय वर्मा ने बताया कि पीसीआर अलवर से शाम करीब चार बजे सूचना मिली थी कि नेपाल टिंबर के पास एक महिला का शव पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंचकर शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। आईपीएस कार्तिकेय वर्मा ने बताया कि पीसीआर अलवर से शाम करीब चार बजे सूचना मिली थी कि नेपाल टिंबर के पास एक महिला का शव पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंचकर शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार मृत महिला की उम्र करीब 40 वर्ष बताई जा रही है। महिला ने लाल रंग का सूट-सलवार पहन रखा था। प्रारंभिक तौर पर महिला की पहचान हो चुकी है, लेकिन अभी तक परिजन मौके पर नहीं पहुंचे हैं। पुलिस ने बताया कि महिला के परिजन कोटपुतली क्षेत्र के बताए जा रहे हैं। परिजनों के आने के बाद ही महिला की पहचान और मौत के कारणों को लेकर पूरी जानकारी सामने आ सकेगी।

## रामनाम से गति व मति की प्राप्ति-संत निर्मल राम महाराज




बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** केलवा क्षेत्र के शांतिनगर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन श्रद्धा और भक्ति का भावपूर्ण वातावरण देखने को मिला। कथा वाचक संत निर्मल राम महाराज ने प्रवचन करते हुए कहा कि रामनाम का स्मरण करने से मनुष्य को गति और मति दोनों की प्राप्ति होती है। सत्संग वह स्थान है जहां व्यक्ति बुराइयों का त्याग कर भक्ति मार्ग पर आगे बढ़ता है और जीवन की अनेक बाधाएँ स्वत: दूर हो जाती हैं। महाराज ने कहा कि कलयुग में केवल नाम ही आधार है। नाम-सिमरन से ही मनुष्य इस भवसागर को पार कर सकता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि राजा परीक्षित ने तक्षक नाग के दंश से पूर्व ही नाम-स्मरण और कथा श्रवण के माध्यम से मोक्ष प्राप्त कर लिया था। यही नाम की महिमा है। उन्होंने कहा कि संसार मकड़ी के जाल के समान है, जिसमें व्यक्ति फँसा रहता है, लेकिन भक्ति रूपी ज्ञान से इससे मुक्ति संभव है। प्रवचन के दौरान महाराज ने भजन पंक्तियों में आवेला भगवान मारे घर आवेला ,हरि नाम प्यारा है परम धन हमारा , राम नाम के हीरे मोती के भजनों की प्रस्तुति दी गई त्यागमय जीवन बना लो।

उन्होंने कहा कि दूसरों से तुलना करने से दु:ख बढ़ता है, इसलिए एकांत में रहकर भजन-कीर्तन करना ही परम धन है। जिस प्रकार भंवरा फूल से रस लेता है, उसी प्रकार भक्त की लगन भी भक्ति में परिवर्तित हो जाती है। सत्संग की महिमा बताते हुए महाराज ने श्रीकृष्ण-उद्धव संवाद का उल्लेख किया।

उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने उद्धव को सत्संग का महत्व समझाया, जिसके पश्चात उद्धव बद्रीनाथ धाम चले गए। आगे उन्होंने यादव वंश के अंत की कथा सुनाते हुए बताया कि भगवान की माया से ही यादवों का संहार हुआ और अंतत: भगवान श्रीकृष्ण ने भी बहेलिए द्वारा किए गए तीर प्रहार के माध्यम से लीला का समापन कर अपने धाम को प्रस्थान किया। कथा के अंतिम दिन श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति रही। इस अवसर पर कथा संयोजक मोती राम तेली, माना राम तेली, रामलाल तेली, रतन लाल तेली, राकेश तेली, नाथूलाल, प्रेमा राम, परसराम तेली, भरत, मुकेश, प्रिंस, हर्षित, दिनेश, विष्णु, बाबूलाल कोठारी, जगदीश दवे, मांगीलाल तेली, बंसीलाल तेली सहित पनी बाई, रतनी बाई, पारसी बाई, प्रेमी बाई एवं अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथा समापन पर सभी ने भक्ति भाव से हरिनाम संकीर्तन किया। वही बामन टुकड़ा विराट हिंदू परिषद सम्मेलन को लेकर महाराज श्री के हाथों पोस्टर का विमोचन किया गया।

## गोलाकाबास में चोरों के हौसले बुलंद, ज्वैलर्स की दुकान से सोने-चांदी के आभूषण पार

बढ़ता राजस्थान

राजगढ़(अलवर)। टहला पुलिस थाना अंतर्गत गोलाकाबास में चोर-बदमाशों के हौसले बुलंद हो गए हैं। मंगलवार की रात ज्वैलर्स की दुकान का ताला तोड़ अज्ञात बदमाश सोने चांदी के आभूषण चुरा ले गए, तो वहीं रविवार की रात शिवालय से शिव पीठ चुरा ले गए थे। जिससे नागरिकों में दहशत का माहौल है और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। पीड़ित ओमप्रकाश सोनी ने बताया कि मंगलवार सायं साढ़े 4 बजे दुकान बंद करके घर गया और बुधवार सुबह दुकान खोली तो अंदर सामान बिखरे मिले एवं चांदी सोने के आभूषण गायब मिले और दुकान के पीछे के गेट टूटे खुले मिले जिसके बाद पीड़ित ने टहला पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया। पीड़ित ने जानकारी में बताया कि दुकान के 20 मीटर दायरे में शिव मंदिर से रविवार की रात को अज्ञात बदमाशों ने शिव पीठ भी चुरा ले गए थे। जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। टहला थानाधिकारी ने बताया कि ज्वैलर्स की दुकान से हुई चोरी घटना स्थल पर जांच के लिए टीम भिजवा दी गई है। इसके अलावा रविवार रात को हुई शिव पीठ चोरी की जानकारी प्राप्त नहीं हुई थी।




## बानसूर में खुले नर्सिंग कॉलेज, चिकित्सा मंत्री से की मुलाकात:शेखावत



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य)।** विधायक देवीसिंह शेखावत ने जयपुर में चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर से शिष्टाचार मुलाकात कर विधानसभा क्षेत्र की चिकित्सा सुविधाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान विधायक शेखावत ने बानसूर नगरपालिका क्षेत्र में बजट घोषणा वर्ष 2026-27 के तहत नर्सिंग कॉलेज खोलने की मांग प्रमुखता से रखी। विधायक ने मंत्री को अवगत कराया कि बानसूर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में नर्सिंग कॉलेज की सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए जयपुर, अलवर सहित अन्य बड़े शहरों का रुख करना पड़ता है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के छात्रों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है और कई बार वे पढ़ाई बीच में ही छोड़ने को मजबूर हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि बानसूर क्षेत्र में नर्सिंग कॉलेज खुलने से स्थानीय युवाओं को रोजगारोन्मुखी शिक्षा मिलेगी, वहीं क्षेत्र की चिकित्सा सेवाओं को भी मजबूती मिलेगी। नर्सिंग स्टाफ की उपलब्धता बढ़ने से सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।

## सड़क निर्माण के दौरान नालियों का निर्माण सही नहीं होने से दुकानों के आगे हो रहा है जलभराव

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़( अलवर)।** उपखंड के समीपवर्ती माचाड़ी कस्बे में हाल ही में मुख्य बाजार में बनी सड़क और नाली निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा बरती गई अनियमितताओं को लेकर स्थानीय निवासियों में गहरा असंतोष है। माचाड़ी विकास संघर्ष समिति के संयोजक व पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष विश्वेंद्र सिंह ने बताया कि नाली निर्माण में तकनीकी मानकों को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया है। जिससे मुख्य बाजार में आम जन को व दुकानदार और व्यापारीयों को जलभराव और गंदगी की समस्या गंभीर सामना करना पढ़ रहा है।



उन्होंने कहा कि नाली के निर्माण में ढलान का सही ध्यान नहीं रखा गया है। इसके कारण पानी का बहाव आगे होने के बजाय एक ही जगह जमा हो रहा है, जो आगे चलकर मच्छरों और बीमारियों का घर बनेगा। मुख्य नाले पर पुराने ही जाल के प्रयोग का आरोप लगाते हुए कहा कि ठेकेदार द्वारा नई सामग्री के बजाय पुराने ध्वस्त और छोटे जाल को ही दोबारा इस्तेमाल किया गया है। विश्वेन्द्र सिंह ने बताया कि इस संबंध में ठेकेदार और मौके पर मौजूद सुपरवाइजर से शिकायत की गई, लेकिन उन्होंने कार्य में सुधार करने के बजाय अभद्र व्यवहार किया गया। ग्रामीण व दुकानदारों का कहना है कि यह जनता के टैक्स के पैसे की खुली लूट है।

स्थानीय निवासियों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि निर्माण कार्य में बरती गई अनियमताओं को ध्यान में रखते हुए इसकी गुणवत्ता की जांच कराई जाए और दोषी ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

### ग्रामीणों का कहना



नाली निर्माण में तकनीकी मानकों को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया है, जिससे मुख्य बाजार में आमजन को व दुकानदार और व्यापारियों को जलभराव और गंदगी की समस्या गंभीर सामना करना पढ़ रहा है।

### विश्वेंद्र सिंह, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष



मुख्य नाले पर पुराने ही जाल का ही प्रयोग ठेकेदार के द्वारा किया गया है। ठेकेदार नई सामग्री के बजाय पुराने ध्वस्त और छोटे जाल को ही दोबारा इस्तेमाल किया गया है जिससे नाले में राहगीरो के गिरने व हादसों की आशंका बनी रहती है। - सोनू सैनी, सब्जी विक्रेता



नाली के निर्माण में ढलान का सही ध्यान नहीं रखा गया है। इसके कारण पानी का बहाव आगे होने के बजाय एक ही जगह जमा हो रहा है,जो आगे चलकर मच्छरों और बीमारियों का घर बनेगा। - भीम जांगिड़, दुकानदार

## भूगोल के विद्यार्थियों ने कांदोली का किया अधिवास सर्वेक्षण

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़( अलवर)।** कस्बे के राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ के भूगोल विभाग के एम.ए. फाइनल के विद्यार्थियों के द्वारा डॉ. जगफूल मीना, डॉ. चिरंजी लाल रैगर तथा प्रो. चित्रा मीना के नेतृत्व में गांव कांदोली का अधिवास (सैलमेंट) सर्वेक्षण करने के लिए 05 दिवसीय कैम्प का प्रारम्भ मंगलवार को हुआ। गांव अधिवास सर्वेक्षण करने के लिए एम.ए. फाइनल के विद्यार्थियों को संख्या 15-15 में कुल 4 ग्रुप बनाये गए हैं। सभी ग्रुपों को एक निश्चित क्षेत्र तय कर सम्पूर्ण गाँव के अधिवासों का सर्वेक्षण कार्य दिया गया है। इस कार्य में सहयोग करने के लिए भूगोल विभाग के लैब बॉय रामेश्वर मीना को नियुक्त किया गया है। गांव के छोर से आखिरी छोर को जोडकर अधिवासों का सर्वेक्षण किया जायेगा।

## गणतंत्र दिवस के मौके पर सरकारी दफ्तरों में ताले, ध्वजारोहण न होने से लोगों में रोष

बढ़ता राजस्थान

**पीपल्दा/कोटा (मुकेश गोस्वामी)।** इटावा क्षेत्र के ग्राम पंचायत अयानी में राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय में 26 जनवरी गणतंत्रदिवस के अवसर पर राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय एवं



सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारीयो की लापरवाही के चलते देश के सबसे बड़े पर्व गणतंत्र दिवस के मौके पर ध्वजारोहण के लिए 1 घंटे नौकरी करना भी उचित नहीं समझा जिसके चलते लोगों में खासी नाराजगी जताई वही खातौली कस्बे के पुराने पंचायत भवन में संचालित पीडब्ल्यूडी ऑफिस मैं भी यही मामला सामने आया दिन भर ध्वजारोहण देखने की टकटकी लगाएं लोगों को शाम तक तिरंगा की झलक नहीं मिली परंतु जिम्मेदार अधिकारियों ने ध्वजारोहण नहीं किया जिससे लोगों में पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों के खिलाफ भारी रोष व्याप्त है जिसके चलते कस्बे वासियों ने नायब तहसीलदार खातौली को लिखित में राज्यपाल के नाम से ज्ञापन देकर सार्वजनिक निर्माण विभाग कार्यालय खातौली कार्यरत कार्मिकों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की गई है।

### इनका कहना

मुझे दिन में जानकारी मिली थी कि खातौली में पीडब्ल्यूडी विभाग के संचालित कार्यालय में 26 जनवरी के मौके पर ध्वजारोहण नहीं किया गया जिसकी जांच करवा कर कार्यवाही करेंगे वही आपके माध्यम से मिली जानकारी से अयानी में राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय कार्यालय पर 26 जनवरी के मौके पर ध्वजारोहण नहीं किया गया है तो जांच करवा कर कारवाई की जाएगी।

**हेमंत गनगौर**
**उपखंड अधिकारी इटावा**

## एरिया डोमिनेशन के तहत 27 लोगों को खातौली पुलिस ने किया डिटेन, 52 पव्वे अवैध शराब तस्कर को दबोचा

बढ़ता राजस्थान

**पीपल्दा/कोटा (मुकेश गोस्वामी)।** इटावा खातोली सीआई देशराज गुर्जर ने जानकारी देते हुए बताया की कोटा ग्रामीण पुलिस अधिक्षक सुजीत शंकर के आदेश पर क्षेत्र में अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को एरिया डोमिनेशन कार्यवाही के तहत थाना क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए आज पुलिस थाना खातौली द्वारा पूर्व अपराधिक प्रवृति के 27 लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया वहीं क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री रोकथाम पर नजर रखते हुए पुलिस टीम द्वारा अ_ारहवा क्षेत्र के ठीकरदा गांव में अवैध शराब की बिक्री करते हुए 52 पव्वा अवैध शराब जप्ती के साथ आरोपी पांचूलाल निवासी ठिकारदा को गिरफ्तार किया गया है।

## वार्ड 47 में सड़कों व नालियों के निर्माण में देरी, निवर्तमान पार्षद सलीना शेरी ने आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** कोटा विकास प्राधिकरण के अंतर्गत आने वाले



वार्ड संख्या 47 में सडक़ों और नालियों की बदहाल स्थिति को लेकर निवर्तमान पार्षद सलीना शेरी ने केडीए आयुक्त ममता तिवारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि वार्ड की अधिकांश सडक़ें अत्यंत जर्जर अवस्था में हैं तथा कई स्थानों पर नालियां क्षतिग्रस्त पड़ी हैं, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। निवर्तमान पार्षद ने बताया कि संबंधित निर्माण कार्यों के लिए टेंडर प्रक्रिया को दो माह से अधिक समय बीत चुका है, इसके बावजूद अब तक कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। निर्माण कार्य में देरी के कारण वार्ड में आवागमन बाधित हो रहा है, जलभराव की समस्या बनी रहती है और स्वच्छता व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि लगातार समस्याओं के चलते वार्डवासियों में असंतोष व्याप्त है और दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी हुई है। सलीना शेरी ने आयुक्त से जनहित को ध्यान में रखते हुए वार्ड 47 में सडक़ों एवं क्षतिग्रस्त नालियों के निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराने की मांग की है।

## विधायक ने मंगवाई नई एंबुलेंस

बढ़ता राजस्थान

**पीपल्दा/कोटा (मुकेश गोस्वामी)।** कोटा पीपल्दा के बडोद क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं दिलाने के अपने संकल्प को पीपल्दा विधायक चेतन पटेल ने क्षेत्र के लोगों के लिए नई एंबुलेंस



की सौगात दी। पिछले दिनों स्वास्थ्य सेवाओं में आ रही गिरावट और स्टाफ की कमी को लेकर विधायक द्वारा किए गए आक्रोश प्रदर्शन के सामने चिकित्सा विभाग को विधायक की मांग को मनाना ही पड़ा। विभाग ने विधायक की सभी जायज मांगों को स्वीकार करते हुए आदेश जारी कर सुविधा सुचारू की। विधायक पटेल की इन प्रमुख मांगों पर हुआ अमल बड़ौद सरकारी अस्पताल में फिर से एम्बुलेंस सेवा शुरू की जिससे अब मरीजों को रैफर करने में समय की बचत होगी। डेपुटेशन का खेल खत्म: क्षेत्र के जो डॉक्टर और स्टाफ पीपल्दा छोडक़र अन्य विधानसभाओं में मलाई छान रहे थे, उन्हें वापस अपनी मूल पोस्टिंग पर भेज दिया गया है ।नए स्टाफ की एंट्री: चिकित्सा व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए मेडिकल कॉलेज से इंटर्नशिप ट्रेनिंग पर छात्रों का दल पीपल्दा भेजा गया है। विधायक की दो टूक अभी ये तो बस शुरुआत है पीपल्दा विधायक चेतन पटेल ने कहा कि जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने इस सफलता के लिए स्छरू दीगोद और सीएमएचओ कोटा द्वारा वादा निभाने पर उनका धन्यवाद किया। जनता के लिए अन्य ज्वलंत मुद्दों को वे आगामी विधानसभा सदन में जोर-शोर से उठाएंगे ताकि पीपल्दा की हर समस्या का स्थायी समाधान हो सके।

# रामगंजमंडी में हर्षोल्लास से मना गणतंत्र दिवस, 46 अधिकारी-कर्मचारी व 17 प्रतिभाएं सम्मानित

बढ़ता राजस्थान




**रामगंजमंडी (नि.स.)।** रामगंजमंडी शहर एवं उपखंड क्षेत्र में सोमवार को 77वां गणतंत्र दिवस पूरे उत्साह और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। स्कूलों, कॉलेजों, सरकारी व गैरसरकारी संस्थाओं तथा कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गईं। विभिन्न आयोजनों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों एवं प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। प्रभात फेरी व शहीदों को श्रद्धांजलि गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहर के साबू क्रीड़ांगन में उपखंड स्तरीय मुख्य समारोह आयोजित हुआ। इससे पूर्व प्रातः स्कूली विद्यार्थियों ने प्रभात फेरी निकालकर नागरिकों में देशभक्ति की भावना जागृत की। इसके पश्चात शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शहर के सरकारी कार्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में ध्वजारोहण किया गया। मुख्य अतिथि उप जिला कलेक्टर चारू वर्मा महोदया ने अपने संबोधन में कहा कि समाज के सर्वांगीण विकास में सामाजिक कार्यकर्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। निःस्वार्थ सेवा से ही एक सशक्त, समरस एवं समृद्ध समाज का निर्माण संभव है।

इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां दी गईं।

समारोह में विभिन्न सरकारी विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 46 अधिकारी-कर्मचारियों तथा शिक्षा, खेल, सामाजिक सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 17 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। सम्मान उपखंड अधिकारी चारू वर्मा, तहसीलदार नेहा वर्मा,डीएसपी घनश्याम मीणा, ईओ तरुण लहरी एवं सीआई संदीप कुमार पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अखिलेश मेड़तवाल, नेता प्रतिपक्ष महेंद्र सामरिया चिन्ह भेंट कर किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, वंदे मातरम्, एकल व समूह नृत्य तथा नृत्य-नाटिकाएं प्रस्तुत कीं। प्यारो राजस्थान और ऑपरेशन सिंदूर जैसी प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नगरपालिका ने किया सामाजिक सेवा सम्मान समारोह का आयोजन नगरपालिका रामगंजमंडी द्वारा गणतंत्र दिवस पर साबू क्रीड़ांगन में सामाजिक सेवा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इसमें समाजसेवियों, सामाजिक संस्थाओं, खिलाडियों, पत्रकारों एवं सामाजिक संगठनों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9.40 बजे उप जिला कलेक्टर चारू वर्मा द्वारा ध्वजारोहण से हुआ। 9.45 बजे राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने राष्ट्रगान प्रस्तुत किया, वहीं पुलिस विभाग के आरक्षी दल ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। समारोह में पूर्व केएसएसएसआईए अध्यक्ष प्रहलाद बैंसला, नरेंद्र राजा, मुरली मनोहर शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं नागरिक उपस्थित रहे।

ब्रह्माकुमारीज़ में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

## कमला उद्यान केंद्र में गरिमामय आयोजन राजयोग व राष्ट्रसेवा का दिया संदेश



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (श्याम गौड़)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के कमला उद्यान केंद्र, कोटा में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास, उल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर केंद्र प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी उर्मिला दीदी ने उपस्थित सभी भाई-बहनों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं तथा मिठाई खिलाकर सभी का मुंह मीठा कराया। कार्यक्रम में केंद्र की बहनें राजयोगिनी कविता दीदी, राजयोगिनी रेणुका दीदी, हंसा दीदी, मनीषा दीदी, लक्की दीदी एवं निकिता दीदी ने भी सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई दी। पूरे कार्यक्रम के दौरान वातावरण उल्लासपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए केंद्र प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी उर्मिला दीदी ने कहा कि देश के वीर जवान सीमाओं पर हमारी सुरक्षा करते हुए देश की शांति और अखंडता के लिए अपने प्राणों तक की आहुति दे देते हैं। ऐसे वीरों के त्याग और बलिदान को स्मरण करते हुए हम सभी का दायित्व है कि समाज में आंतरिक शांति, सद्भाव और भाईचारे को सुदृढ़ करें। उन्होंने आगे कहा कि राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से विश्व में शांति, प्रेम और सकारात्मकता के प्रकंपनों को फैलाने का कार्य और अधिक तीव्रता से किया जाना चाहिए, जिससे एक श्रेष्ठ, शांत एवं सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव हो सके।

कोटा मंडल की ट्रेनों में सफाई व्यवस्था को लेकर नई पहल

## ओबीएचएस स्टाफ यात्रा से पूर्व ले रहा सेवा-संकल्प जवाबदेही व यात्री संतुष्टि पर विशेष जोर

बढ़ता राजस्थान




**कोटा (का.स.)।** पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल द्वारा रेल यात्रियों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं संतोषजनक यात्रा अनुभव उपलब्ध कराने की दिशा में एक नई पहल की शुरुआत की गई है। इसके अंतर्गत मंडल की प्राथमिक ट्रेनों में तैनात ऑन बोर्ड हाउसकीपिंग सर्विस (ओबीएचएस) स्टाफ को प्रत्येक यात्रा के प्रारंभ से पूर्व सेवा-संकल्प की शपथ दिलाई जा रही है।

शपथ कार्यक्रम के माध्यम से ओबीएचएस कर्मियों को कोचों एवं शौचालयों की नियमित सफाई, कचरा संग्रहण तथा नामित स्टेशनों पर उसके समुचित निस्तारण जैसे दायित्वों के प्रति अधिक सजग, जिम्मेदार एवं प्रतिबद्ध बनाया जा रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों में उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करना है।

इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि इस नवाचार से कर्मचारियों द्वारा सौंपे गए कार्यों का प्रभावी निर्वहन सुनिश्चित होगा। साथ ही यात्रा के दौरान प्राप्त होने वाली ऑन-बोर्ड शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई संभव हो सकेगी, जिससे यात्रियों की संतुष्टि के स्तर में उल्लेखनीय सुधार आएगा।

उन्होंने कहा कि यह पहल स्वच्छता, जवाबदेही और बेहतर यात्री सेवा के प्रति रेल प्रशासन की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है तथा इससे यात्रियों को साफ-सुथरा, सुरक्षित और सुखद रेल यात्रा अनुभव प्राप्त होगा।

## ओलावृष्टि से फसलों की तबाही पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला गंभीर

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (नि.स.)।** जिले की नैनवा तहसील सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों में हाल ही में हुई भारी ओलावृष्टि और मावठ ने किसानों की कमर तोड़ दी है। अन्नदाता के इस संकट पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गहरी संवेदनशीलता दिखाते हुए चिंता व्यक्त की है। उन्होंने जिला प्रशासन को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि बिना किसी देरी के फसलों के नुकसान का सर्वे (गिरदावरी) करवाया जाए और किसानों को उचित मुआवजा सुनिश्चित किया जाए। लोकसभा अध्यक्ष के निर्देशों के क्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष रामेश्वर मीणा के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने बूंदी जिला कलेक्टर से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने प्रभावित क्षेत्रों की जमीनी स्थिति और किसानों के दर्द से प्रशासन को अवगत कराया इस दौरान राधेश्याम गुर्जर जिला महामंत्री,उदयलाल गुर्जर जिला उपाध्यक्ष,शक्ति सिंह आशावत जिला परिषद सदस्य, मदन गुर्जर लोकसभा विस्तारक, प्रमोद माहेश्वरी जिला कार्यालय प्रभारी एवं अन्य पदाधिकारी। प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर को बताया कि 27 जनवरी 2026 को हुई भीषण ओलावृष्टि ने सरसों, गेहूं, चना, मसूर, कलौंजी, जौ और अलसी की फसलों को पूरी तरह तबाह कर दिया है।

## बूंदी: अलोह धातु व्यापार संघ के चुनाव संपन्न, राजकुमार सोमानी निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (नि.स.)।** शहर के जेतसागर रोड स्थित कसेरा समाज की बगीची में बुधवार को 'अलोह धातु व्यापार संघ' बूंदी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में संगठन की मजबूती और भविष्य की कार्ययोजना पर चर्चा करने के साथ-साथ वार्षिक चुनावों का आयोजन भी किया गया। निर्विरोध चुनी गई नई कार्यकारिणी अमित कसेरा ने जानकारी देते हुए बताया कि संगठन के पदों के लिए हुए चुनाव में लोकतांत्रिक प्रक्रिया अपनाते हुए सर्वसहमति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है।




### जिम्मेदारी पाने वाले पदाधिकारी निम्न हैं-

अध्यक्ष पद पर राजकुमार सोमानी, उपाध्यक्ष पद पर योगेश कसेरा ,सचिव विनय कसेरा, कोषाध्यक्ष हर्षुल कसेरा,मीडिया प्रभारी वरुण अग्रवाल को बनाया गया।

चुनाव के पश्चात सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का समाज और व्यापार संघ के सदस्यों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

### व्यापारिक हित में लिए गए बड़े निर्णय

बैठक के दौरान संगठन की वर्तमान समस्याओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। एकता को बढ़ावा देने और व्यापारियों के हित में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अब से हर महीने के आखिरी रविवार को सभी प्रतिष्ठान (दुकानें) अनिवार्य रूप से बंद रहेंगे। संगठन की मजबूती ही व्यापारियों की शक्ति है। नई कार्यकारिणी व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर रहेगी।

# कॉलोनीवासियों ने किया सेवा ही समर्पण ग्रुप का गठन,बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी सेवा कार्य करने के लिए ग्रुप में जुड़े

बढ़ता राजस्थान



**रावतभाटा (नि.स.)।** नगर में गरीब जरूरतमंद परिवारों एवं कच्ची झुग्गी झोपडियों में रहने वाले परिवारों की मदद करने के लिए कॉलोनीवासी सदा तैयार रहते है। बुधवार को कॉलोनीवासियों ने एक ग्रुप का गठन किया जिसका नाम सर्वसम्मति से सेवा ही समर्पण ग्रुप रखा गया। जानकारी देते हुए पूर्व पार्षद मनीष गिरी ने बताया कि कॉलोनी में कई छोटे छोटे ग्रुप बने हैं जिनके द्वारा श्रेत्र में आसपास रहने वाले जरूरतमंद परिवारों तक हर संभव मदद पहुंचाई जाती है। सेवा कार्य को अधिक से अधिक किए जाने एवं जरूरतमंद परिवारों तक मदद पहुंचाने के मकसद से यह ग्रुप कॉलोनीवासियों की मांग पर बनाया गया है बुधवार प्रातः 11 बजे ग्रुप के द्वारा सेवा कार्य की शुरुवात सहायक पुलिस अधीक्षक भगवत सिंह हिंगड के हाथों से करवाई गई ग्रुप के सक्रिय सदस्य परमाणु बिजलीघर सुपरवाइजर एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष विश्वनाथ मालू के द्वारा 20 ब्रांडेड गरम जैकेट दे कर की गई जिन्हें सहायक पुलिस अधीक्षक भगवत सिंह हिंगड जी के हाथों से क्षेत्र में विभिन्न जगह कच्ची झुग्गी झोपडियों में रहने वाले बच्चों को बाटा गया। सेवा ही समर्पण ग्रुप के द्वारा शुरू किए गए सेवा कार्य की भगवत सिंह हिंगड जी ने सराहना की एवं कॉलोनीवासियों से ज्यादा से ज्यादा इस ग्रुप से जुडऩे की विनती की। बुधवार को जैकेट वितरण में सहायक पुलिस अधीक्षक भगवत सिंह हिंगड, विश्वनाथ मालू,पूर्व पार्षद मनीष गिरी,पूर्व पार्षद बाबूलाल जैन ने सहयोग किया। गिरी ने बताया कि स्मार्ट किड्स ग्रुप के सदस्य सेवा ही समर्पण ग्रुप के साथ मिलकर क्षेत्र में रह रहे गरीब जरूरतमंद परिवारों तक मदद पहुंचाने का कार्य करेगा उन्होंने कॉलोनीवासियों से अधिक से अधिक सेवा ही समर्पण ग्रुप से जुडऩे की मांग की।

## हाथोड़ी गांव की बावड़ी के जीर्णोद्धार का शुभारम्भ आज आईआईएफसीएल के प्रबन्ध निदेशक करेंगे कार्य का शुभारम्भ

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर(घनश्याम अवस्थी)।** वैर तहसील क्षेत्र के हाथोड़ी गांव में भरतपुर के तत्कालीन शासकों द्वारा करीब 300 वर्ष पूर्व जल संरक्षण, पेयजल एवं वन्यजीवों को पानी उपलब्ध कराने के लिए बनाई गई बावड़ी का जीर्णोद्धार समृद्ध भारत अभियान द्वारा भारत सरकार के अवसंरचना वित्त निगम के सहयोग से कराया जायेगा। जीर्णोद्धार कार्य का शुभारम्भ 29 जनवरी गुरुवार को प्रातः 11 बजे अवसंरचना वित्त निगम के प्रबन्ध निदेशक पलाश श्रीवास्तव करेंगे। समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने बताया कि कार्य के शुभारम्भ कार्यक्रम में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मृदुल सिंह, हाथोड़ी ग्राम पंचायत के प्रशासक फतेह सिंह और वैर के तहसीलदार व विकास अधिकारी विशिष्ठ अतिथियों के रूप में उपस्थित रहेंगे। जीर्णोद्धार के बाद यह बावड़ी अपने प्राचीन वैभव को प्राप्त कर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगी।

### सेना के हथियार डिपो पर उड़ते नजर आए ड्रोन

## आर्मी के जवानों ने पीछा किया तो अंधेरे में गायब हुए, 1000 मीटर ऊपर थे



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर(घनश्याम अवस्थी)।** भरतपुर में सेना के हथियार डिपो पर ड्रोन उडने का मामला सामने आया है। आर्मी के जवानों ने करीब 1000 मीटर ऊपर 4 से 5 ड्रोन उडने की सूचना पुलिस को दी थी।

इसके बाद एडिशनल एसपी धर्मेंद्र यादव और थाना पुलिस मौके पर पहुंची थी। आर्मी के जवानों ने ड्रोन का पीछा करने की कोशिश भी की, लेकिन अंधेरे का फायदा उठा कर ड्रोन गायब हो गए। मामला 25 जनवरी की रात का है। आर्मी की ओर से मंगलवार को इसकी शिकायत दी गई है। एडिशनल एसपी धर्मेंद्र यादव ने बताया- 25 जनवरी की रात करीब 10 बजे सूचना मिली थी कि सेना के हथियार के डिपो पर ड्रोन उड़ रहे हैं। इसके बाद मौके पर पहुंचे। आर्मी के जवानों से मामले की जानकारी ली आर्मी के जवानों ने बताया- आसमान में करीब 1000 मीटर ऊपर 4 से 5 ड्रोन उड़ रहे थे। देखते ही देखते अचानक ड्रोन गायब हो गए। आज आर्मी के अधिकारियों ने इसकी शिकायत भी दी है। जिसकी तकनीकी लेवल पर जांच की जा रही है। सीओ ग्रामीण कन्हैया लाल चौधरी मामले की जांच कर रहे हैं।

### दुकानदारों के रजिस्ट्रेशन और लाइसेंस के लिए लगा शिविर,

## छह घंटे के शिविर में पचास दुकानदारों ने किया आवेदन, बिना लाइसेंस नहीं होगा काम

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा जयपुर के निर्देश पर जिला खाद्य एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में खाद्य लाइसेंस बनाने और दुकानों का रजिस्ट्रेशन करने के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत बुधवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम सिंह परमार के नेतृत्व में शहर के बसेड़ी रोड स्थित एक निजी मैरिज होम में शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 11 बजे से शुरू हुए शिविर में शाम 5 बजे तक 50 दुकानदारों द्वारा रजिस्ट्रेशन और लाइसेंस के लिए आवेदन किया गया है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम सिंह परमार ने बताया कि किसी भी खाद्य सामग्री की बिक्री और उसका परिवहन एवं स्टॉक करने के लिए लाइसेंस का होना जरूरी है। जिसके लिए खाद्य एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय-समय पर कैंपों का आयोजन किया जाता है।

वर्तमान में खाद्य सुरक्षा आयुक्त जयपुर के निर्देश पर जिलेभर में कैंप लगाए जा रहे हैं। बाड़ी में यह विभाग का पांचवां कैंप है। जिसके तहत दुकानों के लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन का काम किया जा रहा है। इस कैंप मे किराना, परचून, दूध विक्रेता, डेयरी संचालक, चिल्लर, होटल, रेस्टोरेंट, चार्टढकेल, मिठाई विक्रेता, कैटरिंग सर्विसेज, तेल मिल, फल सब्जी विक्रेता, अनाज के थोक, खुदरा विक्रेता का लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। व्यापार मंडल के सहयोग से आज 50 दुकानदारों के आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिनके लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन किया जा रहे हैं।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया की खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत किसी भी व्यापारी या दुकानदार को खाद्य पदार्थों की बिक्री एवं परिवहन और स्टॉक करने के लिए लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन का होना जरूरी है। यदि कोई दुकानदार या थोक विक्रेता बिना लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन व्यवसाय करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। शिविर के दौरान व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमित मंगल के साथ पदाधिकारी मदन मोहन सिंघल,पप्पू कांकरई,विशंभर दयाल और अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

## घर के बाहर खेल रही छह वर्षीय मासूम बालिका को उठा ले गया युवक

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे छह वर्षीय बच्ची के अपहरण का प्रयास किया गया। बच्ची के रोने पर मोहल्ले के युवकों ने आरोपी का पीछा कर उसे पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बच्ची के पिता ने बताया कि उनकी बेटी घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान पास के मोहल्ले का एक युवक आया और बातों में लगाकर उसे गोद में उठा लिया। आरोपी ने बच्ची से कहा कि उसके पिता उसे बुला रहे हैं।बच्ची कुछ दूर तक तो चुपचाप चलती रही, लेकिन बाद में उसे खतरा महसूस हुआ और वह रोने लगी। बाईपास के पास मोहल्ले के युवकों ने बच्ची को आरोपी के साथ देखा। युवकों को अपनी ओर आता देख आरोपी बच्ची को छोडक़र भाग गया। युवकों ने बच्ची को उसके परिजनों तक सुरक्षित पहुंचाया। बाद में मोहल्ले के लोगों ने आरोपी को उसके घर से पकड़ लिया और कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया। घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें आरोपी युवक बच्ची के चेहरे पर कपड़ा डालकर उसे ले जाते हुए दिख रहा है।

### स्कीम-10 की भूमि आवंटन का मुद्दा

# आर बी एम हॉस्पिटल को भूमि नहीं मिली तो होगा व्यापक जन आंदोलन

### जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं स्वयंसेवी संगठनों की सर्वदलीय बैठक में लिया ऐतिहासिक निर्णय

बढ़ता राजस्थान






**भरतपुर(घनश्याम अवस्थी)।** भरतपुर विकास प्राधिकरण द्वारा स्कीम-10 की भूमि में से आर बी एम हॉस्पिटल के विस्तार हेतु आवश्यक भूमि आवंटित न किए जाने के विरोध में जन आक्रोश तेज होता जा रहा है। इसी क्रम में भरतपुर शहर में जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों के पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व सांसद पं. राम किशन ने की।

बैठक में भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग, समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता, अग्रवाल समाज से अतुल मित्तल, ब्राह्मण समाज से केदारनाथ पाराशर, जाट समाज से मोहकम सिंह, खण्डेलवाल समाज के सुरेश मेठी सहित शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं समाजों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि यदि आर बी एम हॉस्पिटल के विस्तार हेतु स्कीम-10 की भूमि शीघ्र आवंटित नहीं की गई, तो जनता के सहयोग से एक व्यापक, शांतिपूर्ण एवं संगठित जन आंदोलन प्रारंभ किया जाएगा। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन किसी व्यक्ति, संगठन अथवा राजनीतिक दल का नहीं होगा, बल्कि यह भरतपुर की आम जनता का आंदोलन होगा, जिन्हें अपने परिवार, बच्चों एवं आने वाली पीढियों के स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य की चिंता है।

वक्ताओं ने कहा कि भरतपुर विकास प्राधिकरण द्वारा स्कीम-10 की भूमि को बेचकर केवल राजस्व अर्जन करना विकास नहीं कहा जा सकता। वास्तविक विकास वही है जिसमें आमजन के जीवन से सीधे जुड़ी स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, सुविधाओं की उपलब्धता और सामाजिक दायित्वों को प्राथमिकता दी जाए। आर बी एम हॉस्पिटल भरतपुर एवं आसपास के जिलों की लाखों की आबादी के लिए जीवनरेखा है, ऐसे में उसके विस्तार को रोकना जनहित के विरुद्ध है।

बैठक में आंदोलन को सुनियोजित, अनुशासित एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से संयुक्त संघर्ष समिति के गठन का भी सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। यह समिति प्रशासन से संवाद स्थापित करने, ज्ञापन सौंपने, जन-जागरूकता अभियान चलाने तथा आंदोलन की विस्तृत रूपरेखा तैयार करने का कार्य करेगी।

इसके साथ ही यह भी तय किया गया कि समिति का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मिल कर उन्हें आर बी एम हॉस्पिटल हेतु भूमि आवंटन की आवश्यकता, उसकी उपयोगिता एवं जनभावनाओं से अवगत कराएगा।

## यूजीसी के नए नियमों के खिलाफ बयाना में सवर्ण संगठनों का विरोध, राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर(घनश्याम अवस्थी)।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए नियमों को लेकर विप्र समाज और सवर्ण संगठनों में रोष गहराता जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को गौड़ ब्राह्मण महासभा के बैनर तले समाज के लोगों ने उपखंड कार्यालय पर प्रदर्शन किया और एसडीएम दीपक मित्तल को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर नियमों को तत्काल वापस लेने की मांग की। गौड़ ब्राह्मण महासभा युवा इकाई के तहसील अध्यक्ष एवं नगर पालिका पार्षद कुलदीप शर्मा के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि यूजीसी का नया कानून भारतीय संविधान के मूल ढांचे और समानता के अधिकार पर सीधा प्रहार है। उनका कहना था कि यह नियम संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 21 की भावना के विपरीत है, जो सभी नागरिकों को समानता और सुरक्षा का अधिकार देता है।

प्रदर्शनकारियों के अनुसार नए नियमों के जरिए सामान्य वर्ग के अधिकारों और उनके संवैधानिक संरक्षण की अनदेखी की जा रही है, जिससे समाज के एक बड़े वर्ग में असुरक्षा और असंतोष का माहौल बन रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि नियमों की शब्दावली और कुछ प्रावधानों को लेकर विद्यार्थियों और अभिभावकों में भ्रम की स्थिति है, जिसमें समानता के बजाय पक्षपात झलकता है। ज्ञापन में मांग की गई कि यूजीसी और सभी शैक्षणिक संस्थान लोकतांत्रिक मूल्यों का पालन करें और शिक्षा के क्षेत्र में समान अवसर तथा भेदभावमुक्त वातावरण सुनिश्चित करें। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि नए नियमों से विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच जातीय आधार पर विभाजन बढने की आशंका है, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस मौके पर गौड़ ब्राह्मण महासभा युवा इकाई अध्यक्ष कुलदीप शर्मा, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री नक्षत्र अग्निहोत्री, देवेंद्र शर्मा, मयंक शर्मा, विकास, विशाल, हिमांशु, रोहित सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

### उधारी के पैसो को लेकर दुकानदार से झगड़ा

## बाद में घर पर आकर हमला पथराव की घटना में दुकानदार के सिर में चोट, माँ भी हुई घायल,पुलिस कर रही मामले की जांच

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर के अजीजपुरा गुमट मोहल्ले में वाटर बॉक्स के पास परचून की दुकान चलाने वाले एक युवक से उधारी के पैसे मांगने को लेकर झगड़ा और मारपीट का मामला सामने आया है। बाद में आरोपी ने अन्य लोगों के साथ पीडित के घर पर आकर हमला किया है। झगड़े में पथराव के साथ फायरिंग का भी आरोप लगाया गया है। जिसमें दुकानदार के सिर में चोट आई है। वही उसकी मां के पैर में भी चोट आई है।

शहर के गुमट अजीजपुरा निवासी साबिर पुत्र दौलत खान ने पुलिस को दी रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि उसका छोटा भाई आमिर मोहल्ले में ही घर के पास परचून की दुकान चलाता है। जिससे मोहल्ले के लडक़े मोमिन ने 120 रुपये का सामान उधार लिया था। काफी समय हो गया तो बुधवार को दिन में उसके दुकान पर आने पर आमिर ने उससे पैसों का तगादा किया। जिस पर आरोपी ने आमिर से झगड़ा करते हुए कहा कि वह किसी के पैसे नहीं देता है और उसके थाप,थप्पड़ भी कर दिए।

जिसको लेकर जब आमिर अपने घर आया अपनी मां को वाक्या बताने लगा तो आरोपी मोमिन 4,5 लडक़ों को लेकर उनके घर पर आ गया और गालियां देते हुए पथराव करने लगा। इस दौरान सिर में पत्थर लगने से आमिर घायल हो गया। वही उसकी मां नसीरन के भी पैर में चोट आई है। पुलिस को दी रिपोर्ट में साबिर खान ने आरोप लगाया है कि आरोपियों ने उनके घर पर पत्थरों के साथ गोली भी चलाई है। फिलहाल घटना को लेकर कोतवाली थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## खानपुर मीणा गांव में मिसिंग लिंक के तहत हो रहा सडक़ का निर्माण, बीच सडक़ पर आ रहे पुराने समय पर लगाए गए बिजली के खम्भे, निर्माण से पूर्व शिफ्ट की मांग



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** उपखंड के खानपुर मीणा गांव में पीडब्ल्यूडी द्वारा सीसी रोड का निर्माण किया जा रहा है। इस निर्माण कार्य के दौरान सडक़ के बीच में आ रहे बिजली के खंभ बाधा पैदा कर रहे है। ऐसे में बिजलीं के खम्भो को हटाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) पूरन सिंह गुर्जर को ज्ञापन सौंपा है।

ग्रामीणों ने एक्सईएन पूरन सिंह गुर्जर को बताया कि गांव में बरसों बाद मिसिंग लिंक योजना के तहत पहला पोथा से माता मंदिर जल वोट कुआं तक सीसी रोड बनाया जा रहा है। वर्तमान में इसके प्रथम चरण में मिट्टी,पत्थर और गिट्टी डालकर सडक़ की पहली परत बिछाई जा रही है। जिसमें बिजली के खंभे बीच मे आ रहे है। जिनको सडक़ किनारे शिफ्ट किये जाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में गुरुप्रसाद, बृजमोहन, केशव सिंह, रामदीन और हाकिम सहित अन्य ग्रामीण शामिल थे।

ग्रामीणों के अनुसार,पुराने समय में लगाए गए बिजली के खंभे अब सडक़ के बीच में आ रहे हैं। इन खंभों को सडक़ के किनारे स्थानांतरित करने की आवश्यकता है ताकि सडक़ निर्माण कार्य बिना किसी बाधा के पूरा हो सके और भविष्य में किसी प्रकार का खतरा न रहे। ग्रामीणों ने इन खंभों को जल्द से जल्द शिफ्ट करने की मांग की है।

### यूजीसी के नए कानून के विरोध में सवर्ण समाज का ज्ञापन

## पीएम मोदी से कानून को तुरंत वापस लेने की मांग,वापस नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (राजू शर्मा)।** यूजीसी (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग) द्वारा 13 जनवरी 2026 को लाये गए नए कानून को लेकर अब सवर्ण समाज मे विरोध दिखाई दे रहा है। शहर में बुधवार को सवर्ण समाज द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एक ज्ञापन उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी को दिया गया है। जिसमें प्रधानमंत्री से मांग की है कि वह स्वर्ण समाज के बच्चों के खिलाफ लाये गए इस नए कानून को तुरंत वापस ले,अन्यथा स्वर्ण समाज बीजेपी और सरकार के विरोध में सडक़ों पर उतर आएगा।

अग्रवाल फाउंडेशन की बैनर तले दिए गए ज्ञापन में फाउंडेशन के अध्यक्ष अशोक गोयल ने आरोप लगाया की विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जो नया कानून 13 जनवरी को उच्च शिक्षा के लिए लागू किया गया है। उसमें जरनल कास्ट के बच्चों के लिए खतरा पैदा कर दिया है। अब एससी-एसटी के साथ ओबीसी के छात्र सामान्य वर्ग के छात्रों पर बिना बजह आरोप लगा केस कर सकते है। इससे मानसिक परेशानी के साथ बच्चो के भविष्य के चौपट होने की आशंका है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग की है कि इस बिल को तुरंत वापस ले अन्यथा स्वर्ण समाज सडक़ों पर उतर आएगा। यूजीसी के नए कानून के विरोध में दिए गए ज्ञापन में आरोप लगाया है की प्रमोशन आफ इक्वलिटी इन हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशंस रेगुलेशन 2026 के संदर्भ में आया कानून गंभीर चिंता और आपत्ति का विषय है। उक्त कानून को भले ही क्षमता को प्रोत्साहित करने वाला बताया गया है। परंतु इसके प्रावधान व्यवहार में सामाजिक न्याय की मूल भावना को कमजोर करते हुए पक्षपात को बढ़ावा देगा। उच्च शिक्षा संस्थानों में समरसता, निष्पक्षता, समान अवसर का वातावरण बनाए रखना जरूरी है। बिल के आने से वातावरण पक्षपातपूर्ण हो जाएगा। जरनल वर्ग के छात्रों पर झूठे मामले दर्ज होंगे। बच्चे मानसिक तनाव में आएंगे और असमानता बढ़ेगी। ऐसे में इस बिल को तुरंत प्रभाव से वापस नहीं लिया गया तो स्वर्ण समाज आंदोलन और विरोध प्रदर्शन करेगा। ज्ञापन के दौरान विपिन गर्ग, अंशुल गर्ग, अमन गर्ग, अश्वनी गोयल, विनय गोयल,सुमित सिंघल, रामकुमार गर्ग, रोशनी शिवहरे, शिव शंकर, सत्येंद्र परमार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### 30 जनवरी को मनाया जायेगा राष्ट्रीय कुष्ठ निवारण दिवस

# 30 जनवरी से 13 फरवरी तक ‘स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान’

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर(घनश्याम अवस्थी)।** जिले में 30 जनवरी से 13 फरवरी तक ‘स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान’ आयोजित किया जायेगा। इस अभियान में जिला, ब्लॉक एवं पंचायत स्तर तक कुष्ठ रोग निवारण के लिए विभिन्न गतिविधियॉ आयोजित की जायेगी, जिसमें कुष्ठ रोग से संबंधित जानकारी, भ्रांतिया, नए मरीजों की खोज कर उन्हें इलाज की सुविधा प्रदान करना। उक्त जानकारी अभियान के नोडल अधिकारी एवं उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी(स्वा0), भरतपुर डॉ. असित श्रीवास्तव, ने बताया कि कुश्ठ रोग छूने से नहीं फैलता है। कुश्ठ रोग (हैन्सन रोग) एक जीवाणु संक्रमण है जो आपकी नसों, मांसपेषियों, आँखों, त्वचा और श्वसन तंत्र को नुकसान पहुँचा सकता है। इससे त्वचा पर लाल या रंगहीन धब्बे , संवेदना में कमी ( सुन्नता ) और स्थायी विकलांगता हो सकती है। कुश्ठ



रोग को हैन्सन रोग भी कहा जाता है। इस अभियान के अंतर्गत आषा कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में डोर टू डोर सर्वे करना, कुश्ठ रोग से पीडित व्यक्तियों को चिन्हित कर उनका ईलाज करवाया जाना।

कुश्ठ रोग की पहचान करना आसान हैः-

डा0 श्रीवास्तव ने बताया कि शरीर की चमडी के रंग से फीका हल्का लाल सा बदरंग दाग-धब्बा, जिसमें सुन्नपन हो अर्थात न दर्द, न जलन, न खुजली, न चुभन, न ठण्डा लगे, न गरम। चमडी पर तैलिया-तामियॉ चमक हो। चमडी पर खासकर चेहरे पर भौहे के ऊपर, ठोडी पर, कानों के पीछे सूजन-मोटापन, गॉठे हो। तंत्रिकाओं में मोटापन-सूजन हो, टटोलने पर दर्द हो। हाथ पैरों में झुनझुनीध्सुन्नपनध्सूखापन हो। इन में से कोई भी लक्षण प्रतीत होने पर वह कुष्ठ हो सकता है। कुष्ठ रोग धीरे-धीरे विकसित होता है। इसके संपर्क में आने के बाद इसके लक्षण विकसित होने में कई साल कभी-कभी दशकों भी लग जाते हैं।

डॉ0 असित श्रीवास्तव ने बताया कि राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 30 जनवरी को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को राष्ट्रीय कुष्ठ निवारण दिवस मनाया जायेगा। इस वर्ष कुष्ठ दिवस की थीम ‘कुष्ठ रोग का ईलाज संभव है, असली चुनौती तो सामाजिक कलंक है’ रहेगी। कुष्ठ रोग से जुडे कलंक को मिटाना और रोग से प्रभावित लोगों की गरिमा को बढावा देना है। इस दिन इस रोग से प्रभावित लोगों का जिला स्तर पर अभिनंदन किया जायेगा।

## कामकाजी महिलाओं को आर्थिक शक्ति बनाने की पहल, भीलवाड़ा से उठी बड़ी आवाज



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त, आत्मनिर्भर और संगठित व्यावसायिक मंच प्रदान करने की दिशा में कल्याणी फाउंडेशन ने एक दूरदर्शी पहल की है। फाउंडेशन के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष दिव्या बोरदिया के नेतृत्व में जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू से मुलाकात कर मुख्यमंत्री के नाम राजस्थान बजट 2026 के लिए एक महत्वाकांक्षी प्रस्ताव सौंपा। प्रस्ताव में राज्य के प्रत्येक जिला मुख्यालय पर 'वुमन ट्रेड सेंटर' की स्थापना का सुझाव दिया गया है, जिसकी शुरुआत भीलवाड़ा जिले से करने का आग्रह किया गया। फाउंडेशन द्वारा प्रस्तुत विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट के अनुसार यह योजना लगभग 1500 करोड़ रुपये की होगी, जो 10 से 11 वर्षों में आत्मनिर्भर बन सकती है। यह परियोजना राजस्थान को देश का पहला ऐसा राज्य बनाएगी, जहां पूर्णत: महिलाओं द्वारा संचालित आधुनिक व्यावसायिक केंद्र स्थापित होंगे। प्रस्ताव के तहत भीलवाड़ा की आर.के. कॉलोनी स्थित ग्रामीण हाट परिसर को इस परियोजना के लिए उपयुक्त स्थल बताया गया है, जिसे तीन मंजिला आधुनिक व्यापारिक केंद्र में विकसित किया जा सकता है। प्रत्येक सेंटर में लगभग 300 दुकानें, ऑफिस स्पेस, क्रेश, ट्रेनिंग सेंटर, डिजिटल लाइब्रेरी, बैंकिंग सहायता, कैफेटेरिया, एग्जिबिशन हॉल सहित अनेक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

## राजस्थान नगर पालिका कर्मचारी फेडरेशन भवन का लोकार्पण



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** राजस्थान नगर पालिका कर्मचारी फेडरेशन भवन रिनोवेशन का लोकार्पण 26 जनवरी 2026 को किया गया। फेडरेशन के प्रांतीय संगठन मंत्री हरनारायण माली ने बताया कि फेडरेशन भवन काफी समय पूर्व निर्मित होने से इसका रिनोवेशन का कार्य कराया गया था जिसका लोकार्पण 26 जनवरी को महापौर राकेश पाठक एवं आयुक्त हेमाराम चौधरी द्वारा किया गया लोकार्पण कार्यक्रम में उप महापौर रामलाल योगी, फेडरेशन के प्रांतीय संगठन मंत्री हरनारायण माली, भीलवाड़ा शाखा के अध्यक्ष विजय लोढ़ा,महामंत्री मंगलेश भनडीया सहित निगम के अधिकारी ,कर्मचारी एवं पार्षद गण उपस्थित रहे।

## सराफा व्यापारियों से नाजायज वसूली का आरोप, झूठे मुकदमों की धमकियों से दहशत

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** सोने-चांदी के बढ़ते भावों के बीच भीलवाड़ा के सराफा व्यापारियों ने नाजायज वसूली और झूठे आपराधिक मामलों की धमकियों को लेकर चिंता जताई है। व्यापारियों का आरोप है कि कुछ असामाजिक तत्व, विशेषकर महिलाओं का एक समूह, पूर्व में किए गए सौदों से मुकरते हुए दुकानों पर हंगामा कर रहा है और गंभीर मामलों में फंसाने की धमकी देकर अवैध वसूली का दबाव बना रहा है। व्यापारियों के अनुसार, पिछले एक माह में ऐसी तीन-चार घटनाएं सामने आ चुकी हैं। आरोप है कि ग्राहक पहले बाजार भाव पर आभूषण बेचकर भुगतान ले लेते हैं और बाद में भाव बढने पर विवाद खड़ा कर पैसे मांगते हैं। 27 जनवरी को सराफा बाजार में हुई एक घटना में महिलाओं के एक समूह द्वारा दुकान पर झगड़ा कर धमकी देने का आरोप लगाया गया है, जिसकी सीसीटीवी रिकॉर्डिंग उपलब्ध बताई जा रही है। व्यापारियों का कहना है कि संबंधित थाने में रिपोर्ट देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे बाजार में भय का माहौल बना हुआ है। सराफा व्यापारियों ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि महिला होने का अनुचित लाभ उठाकर की जा रही नाजायज वसूली पर सख्त कार्रवाई की जाए और व्यापारियों को भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराया जाए।

## कोली समाज विकास ट्रस्ट का स्नेहमिलन व देवनारायण माघ सप्तमी महोत्सव सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** कोली समाज विकास ट्रस्ट भीलवाड़ा के तत्वावधान में 19वां स्नेहमिलन भोजन एवं देवनारायण माघ सप्तमी महोत्सव पंचायत भवन परिसर में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में महामंडलेश्वर हंसराम उदासीन ने विद्यार्थियों से आधुनिक शिक्षा के साथ संस्कार व संस्कृति से जुड़े रहने का आह्वान किया। समाज अध्यक्ष ओमप्रकाश सुनारिया ने बताया कि स्नेहमिलन भोज नववर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित पारंपरिक कार्यक्रम है, जिसमें समाज की शैक्षिक व खेल प्रतिभाओं का सम्मान किया जाता है। इस अवसर पर शिखर कलश स्थापना के भामाशाहों के शिलालेख का विमोचन किया गया।

## खाद्य सुरक्षा की मजबूती को लेकर मंथन पारदर्शी वितरण व्यवस्था पर दिया गया जोर

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल) ।** माननीय खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा के निर्देशानुसार बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से संबंधित खाद्य सुरक्षा एवं सतर्कता समिति तथा उचित मूल्य दुकान आवंटन सलाहकार समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला रसद अधिकारी ब्यावर श्री अब्दुल सादिक ने की। बैठक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम लाभ त्याग अभियान के अंतर्गत अपात्र परिवारों को प्रेरित कर स्वेच्छा से लाभ त्याग करवाने, वंचित परिवारों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम में जोडने, खाद्य सुरक्षा लाभार्थियों की इलेक्ट्रॉनिक-केवाईसी, आधार सीडिंग एवं एकीकृत पोर्टेबिलिटी समूह मानचित्रण, रिक्त एवं नवसृजित उचित मूल्य दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया, राशन कार्ड-एलपीजी मैपिंग तथा बिक्री केंद्र मशीनों का इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटों से एकीकरण जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

### अपनी तरह का पहला आईएनआर लाइव प्राइसिंग मॉड्यूल

# हिन्दुस्तान जिंक ने वेदांता मेटल बाजार पर जिंक मूल्य लॉन्च किया, देश की एमएसएमई के लिए रियल-टाइम मार्केट एक्सेस का होगा विस्तार

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़ (संजय खाबिया)।** भारत के 77वें गणतंत्र दिवस पर, विश्व की सबसे बड़ी इंटीग्रेटेड जिंक उत्पादक और विश्व स्तर पर शीर्ष पांच चांदी उत्पादकों में से एक, हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड ने अपने प्रमुख मेटल ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, वेदांता मेटल बाजार पर जिंक मूल्य नामक भारतीय रूपयों में लाइव प्राइसिंग मॉड्यूल लॉन्च करने की घोषणा की।



मेटल प्राइसिंग तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाने के लिए डिजाइन किया गया, जिंक मूल्य पूरे भारत में बिजनेस, विशेष रूप से एमएसएमई और छोटे-वॉल्यूम खरीदारों को वैश्विक बेंचमार्क के अनुरूप, भारतीय रुपये में पारदर्शी, रियल-टाइम मेटल कीमतें देखने, बुक करने और लॉक करने में सक्षम बनाता है, जो एक अधिक समावेशी, डिजिटल रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर औद्योगिक इकोसिस्टम बनाने के लिए हिन्दुस्तान जिंक की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। 2022 में लॉन्च हुआ वेदांता मेटल बाजार भारत का पहला ऑनलाइन मेटल मार्केटप्लेस है, जिसे मेटल खरीदने की प्रक्रिया को आसान और आधुनिक बनाने के लिए बनाया गया है। यह प्लेटफॉर्म एक सहज डिजिटल अनुभव देता है जो ग्राहकों को लाइव कीमतें देखने, ऑर्डर देने और पूरी पारदर्शिता के साथ एंड-टू-एंड ट्रांजैक्शन मैनेज करने की सुविधा देता है। देश भर में हजारों व्यवसायों द्वारा विश्वसनीय, वेदांता मेटल बाजार देश में धातुओं की सोर्सिंग के तरीके को बदलने में एक महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में उभरा है। जिंक मूल्य की शुरुआत प्लेटफॉर्म की क्षमताओं में एक महत्वपूर्ण सुधार है। यह भारतीय रूपयें में लाइव लैंडेड कीमतें प्रदान करता है, जो लंदन मेटल एक्सचेंज से डायनामिक रूप से जुड़ी हुई हैं, जिससे सटीक और अप-टू-डेट मूल्य निर्धारण सुनिश्चित होता है। ग्राहक एक मजबूत डिजिटल फ्रेमवर्क के माध्यम से आसानी से लेन-देन कर सकते हैं जो मौजूदा जुड़ाव मॉडल का पूरक है, जबकि वास्तविक समय मूल्य निर्धारण दृश्यता चाहने वाले खरीदारों को अधिक सुदृढ़ता प्रदान करता है। यह एमएसएमई और उभरते उद्यमों को मेटल बाजार में अधिक सक्रिय रूप से भाग लेने, तेजी से निर्णय लेने, बेहतर प्रतिस्पर्धात्मकता और घरेलू और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में मजबूत एकीकरण को सक्षम बनाता है। लॉन्च के अवसर पर, हिन्दुस्तान जिंक के सीईओ अरुण मिश्रा ने कहा कि, आत्मनिर्भर भारत का भारत का विजन तभी पूरा होगा, जब हर एंटरप्राइज को, चाहे वह किसी भी साइज का हो, एक्सेस, ट्रांसपेरेंसी और अवसर समान रूप से मिलेंगे। वेदांता मेटल बाजार पर जिंक मूल्य की शुरुआत के साथ, हम भारत में मेटल खरीदने के तरीके को मौलिक रूप से बदल रहे हैं, उन एंट्री बैरियर को हटाकर जो पारंपरिक रूप से बड़े पैमाने के बिजनेस को फायदा पहुंचाते थे। यह प्लेटफॉर्म एमएसएमई और छोटे खरीदारों को बड़े संस्थानों की तरह ही रियल-टाइम प्राइस डिस्कवरी और फैसला लेने में सक्षम बनाता है, जो ग्लोबल बेंचमार्क पर आधारित होने के बावजूद भारतीय रुपये में आसानी से ट्रांजैक्शन होता है।

# सडक़ सुरक्षा में लापरवाही नहीं, नियम ही जीवन रक्षक-कलेक्टर का सख्त संदेश

### सरकारी कार्यालयों में हेलमेट व सीट बेल्ट अनिवार्य, उल्लंघन पर होगी कठोर कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** जिला कलेक्ट्रेट सभागार में सार्वजनिक निर्माण विभाग (वृत) ब्यावर द्वारा आयोजित जिला सडक़ सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक जिला कलेक्टर कमल राम मीना की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जिले में सडक़ दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था में सुधार, अवैध वाहनों पर नियंत्रण तथा दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट्स के उपचार को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई जिला कलेक्टर श्री मीना ने सभी सरकारी कार्यालयों में दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट एवं चारपहिया वाहन चालकों के लिए सीट बेल्ट को अनिवार्य रूप से लागू कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध चालान सहित सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही सरकारी कर्मचारियों से यातायात नियमों की पालना कर समाज के लिए उदाहरण प्रस्तुत करने का आह्वान किया। जिला




परिवहन अधिकारी ने जानकारी दी कि 11 से 25 दिसंबर 2025 के बीच कुल 1497 चालान बनाए गए, 68 वाहन सीज किए गए तथा 48.82 लाख रुपये की प्रशमन राशि वसूल की गई। इस दौरान बिना सीट बेल्ट के 148 एवं बिना रिफ्लेक्टिव टेप के 209 चालान किए गए। पुलिस विभाग द्वारा बताया गया कि 1 से 20 जनवरी तक चले विशेष अभियान में तेज गति से वाहन चलाने के 2681, गलत दिशा में वाहन चलाने के 2413, शराब पीकर वाहन चलाने के 966 तथा बिना हेलमेट के 710 मामलों में कार्रवाई की गई बैठक में 17 'गुड सेमेरिटन' को सम्मानित किए जाने का निर्णय भी लिया गया। कलेक्टर मीना ने जवाजा के समीप हाल ही में एक बीएलओ की सडक़ दुर्घटना में हुई मृत्यु का उल्लेख करते हुए कहा कि हेलमेट न पहनना जानलेवा सिद्ध हो सकता है। उन्होंने पुलिस एवं यातायात प्रभारी को हेलमेट की सख्त पालना सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।इसके साथ ही कम उम्र के बच्चों द्वारा वाहन चलाने, आवारा पशुओं को सडक़ से हटाने तथा सडक़ सुरक्षा से जुड़े सभी बिंदुओं पर समयबद्ध एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र शर्मा, अधीक्षण अभियंता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## यह कैसा सम्मान? निंबाहेड़ा में सैनिक सम्मान सर्कल की दुर्दशा, सम्मान के प्रतीक से गायब हुई बंदूक

बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा(प्रकाश खत्री)।** नगर परिषद निंबाहेड़ा द्वारा सैनिकों के सम्मान में बनाए गए 'सैनिक सम्मान सर्कल' की स्थिति आज स्वयं एक बड़ा सवाल खड़ा कर रही है। जिन वीर सैनिकों के सम्मान में यह सर्कल बनाया गया, उन्हीं के प्रतीक स्वरूप स्थापित की गई बंदूक का गायब हो जाना नगर परिषद एवं प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाता है। उल्लेखनीय है कि नगर परिषद निंबाहेड़ा द्वारा 23 जुलाई 2025 को सैनिक सम्मान सर्कल के विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के कर-कमलों द्वारा किया गया था। इस अवसर पर सैनिकों के सम्मान में प्रतीकात्मक रूप से बंदूक लगाई गई थी, जो अब रहस्यमय तरीके से गायब हो चुकी है। हैरानी की बात यह है कि इतनी महत्वपूर्ण धरोहर के गायब होने की जानकारी तक प्रशासन को नहीं है। एक ओर जहां सरकार देश के सैनिकों के हितों एवं सम्मान में निरंतर कदम उठा रही है, वहीं दूसरी ओर नगर परिषद निंबाहेड़ा में सैनिकों के सम्मान में स्थापित प्रतिमाओं और प्रतीकों की इस प्रकार




दुर्दशा होना अत्यंत निंदनीय है। भले ही वहां लगाई गई बंदूक नकली हो, लेकिन उसका प्रतीकात्मक महत्व सैनिकों के सम्मान से जुड़ा हुआ है। ऐसे में उसका उठाकर ले जाना न सिर्फ लापरवाही, बल्कि सैनिकों के सम्मान के साथ खिलवाड़ भी प्रतीत होता है। अब सवाल यह है कि क्या प्रशासन अपनी कुम्भकर्णी नींद से जागेगा और सैनिकों के सम्मान में लगाई गई बंदूक को वापस स्थापित कर पाएगा, या फिर यह मामला भी अन्य कई मामलों की तरह समय के साथ दब कर रह जाएगा। जनता और पूर्व सैनिकों की निगाहें अब प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं। इस मामले मे नगर परिषद निम्बाहेड़ा के आयुक्त कौशल कुमार खटूमरा से बात करना चाही तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

## अर्बन में गणतन्त्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़ (संजय खाबिया)।** चित्तौडग़ढ़ अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लि. एवं चित्तौडग़ढ़ न्यू क्लॉथ मार्केट निर्माण सहकारी समिति लि. के संयुक्त तत्वाधान में 77 वा गणतन्त्र दिवस माधव सभागार पर अत्यन्त हर्षोल्लास एवं उत्साह से आयोजित किया गया। दोनों संस्थाओं के अध्यक्ष डॉ. आई.एम. सेठिया द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष द्वारा उपस्थित बैंक, समिति एवं बाजार के व्यवसायियों एवं जन समुदाय को बधाई देते हुए सहकारिता के क्षेत्र में बैंक एवं समिति की प्रगति के बारे में अवगत कराया एवं सहकारिता की भावना से दे हित में कर्त्तव्यों की पालना पर अपना




उद्बबोधन दिया।

बैंक की प्रबन्ध निदेशक वन्दना वजीरानी के अनुसार कार्यक्रम में पूर्व चेयरपर्सन विमला सेठिया, निदेशकगण दिनेश कुमार सिसोदिया, रणजीत सिंह नाहर, राजेश काबरा, बालकिन धूत, शान्तिलाल पुंगलिया सहित समिति के उपाध्यक्ष ओमप्रकाश खटोड, सोहन लाल तनवानी, पटवारी, सुरेश डांगी, राजेश पोखरना, कैलाश देवडा, गुलाम सादिक नीलगर, रतनलाल बोहरा, सत्यनारायण चेचाणी, के साथ ही बैंक के पदाधिकारी महाप्रबन्धक दिनेश खण्डेलवाल, उतमचन्द जैन, राजे अवस्थी, दामोदर लाल चेचाणी, अजय सिंह राठौड़, संजय कुमार शर्मा एवं मुकेश लढ़ा आदि उपस्थित रहे।

## श्री विश्वकर्मा जयंती को लोहार समाज विविध धार्मिक अनुष्ठानों सहित भव्य कलश यात्रा के साथ मनायेगा

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** श्री विश्वकर्मा जयंती को मेवाड़ लौहार सेवा संस्थान एवं पारवाडिया शनिमहाराज आली चौखला के संयुक्त तत्वावधान मे आगामी 1 व 2 फरवरी को मेवाड़ के प्रसिद्ध शनिधाम श्री शनिमहाराज आली ग्राम स्थित समाज के सामुदायिक भवन में विविध धार्मिक अनुष्ठानों एवं भव्य शोभायात्रा के साथ दो दिवसीय महोत्सव के साथ मनाया जायेगा। जानकारी अनुसार न्याय के देवता श्री शनि महाराज आली ग्राम स्थित मेवाड़ लौहार समाज चारों चौखला के सामुदायिक भवन में श्री विश्वकर्मा जयंती महोत्सव 2026 का आयोजन किया जायेगा ।जिसके तहत श्री विश्वकर्मा जयंती महोत्सव के प्रथम दिवस 1 फरवरी रविवार रात्रि मेवाड़ के प्रसिद्ध बगड़ावत कार्यक्रम का दिनेश खारोल एंड पार्टी द्वारा मंचन किया जायेगा ।इसी क्रम में 2 फरवरी सोमवार अलसुबह 4 से 7 बजे तक यज्ञ-हवन इत्यादि धार्मिक अनुष्ठान तथा प्रातः 8 से 10 बजे तक मातृशक्ति के संयोजन में समाज के महिला वर्ग द्वारा सर पर कलश



धारण कर ग्राम के मुख्य मार्गो से होकर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जायेगा ।जिसमे समाज के महिला,पुरुष एवं युवा वर्ग द्वारा धार्मिक गीत एवं भजनों पर झूमते-नाचते हर्षोल्लास के साथ भाग लिया जायेगा ।उक्त धार्मिक आयोजनो के उपरांत 12 बजे लोहार समाज की आमसभा एवं महाप्रसादी का आयोजन किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि श्री विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष्य में लोहार समाज द्वारा आयोजित दो दिवसीय जयंती महोत्सव कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर समाज के पदाधिकारी,कार्यकर्ता एवं युवा वर्ग सहित गणमान्यजनों द्वारा तैयारियों में बढ़-चढकर सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

**वंडर के पाटनी पब्लिक स्कूल में हुआ गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन**

# हम ना केवल अधिकारों के लिये अपितु अपने कर्तव्यों के लिये भी कार्य करें-नितिन जैन

बढ़ता राजस्थान

चित्तौडग़ढ़ (संजय खाबिया)। वंडर सीमेंट लिमिटेड, आर. के. नगर, निम्बाहेड़ा के पाटनी पब्लिक स्कूल में 77वें गणतंत्र दिवस समारोह कम्पनी के यूनिट हेड एवं विद्यालय प्रबंधक नितिन जैन के मुख्य आतिथ्य तथा वंडर यूफोरिया लेडीज क्लब की अध्यक्षा अरुणा जैन के विशिष्ठ आतिथ्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर यूनिट हेड जैन ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज एवं मार्चपास्ट को सलामी देकर गणतंत्र दिवस की शुभकामना दी ओर भारत के संविधान निर्माताओं,




स्वतन्त्रता सेनानियों और देश के वीर सैनिकों के बलिदान को नमन कर संविधान कि विशेषताओं की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि यह संविधान हम सभी को संवैधानिक अधिकार एवं उससे जुड़े कई कर्तव्य भी प्रदान करता है, हमें ना केवल अधिकारों के लिये अपितु अपने कर्तव्यों के निर्वहन के लिए सही रुप में अपनी शक्ति का उपयोग करते हुए निरन्तर आगे बढना है। गणतंत्र दिवस समारोह में ध्वजारोहण कार्यक्रम के दौरान पाटनी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने स्कूल बेण्ड के साथ राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। इसके पश्चात् मुख्य अतिथि को वंडर सीमेंट के मुख्य सुरक्षा अधिकारी नागेन्द्र सिंह चुण्डावत के नेतृत्व में विद्यालय के एन.सी.सी. कैडेट्स, स्कूल के प्लाटूनों एवं वंडर सीमेंट के सुरक्षा कर्मियों की सूसज्जित परेड का निरीक्षण कराया। विद्यालय के अकादमिक उप प्रधानाचार्या श्रीमती रमा देवी एन ने अतिथिगण, अभिभावकों एवं उपस्थित समस्त का अभिवादन किया। गणतंत्र दिवस समारोह में विद्यालय के बच्चों ने हाड़ी रानी के बलिदान गाथा की नृत्य नाटिका, एरोबिक्स, गीत, कविता पाठ और डंबल पीटी जैसे कई कार्यक्रमों की रोचक प्रस्तुतियां दी। पाटनी पब्लिक स्कूल प्रांगण में आयोजित भव्य समारोह के दौरान वंडर सीमेंट में अपनी उत्कृष्ट सेवाऐं प्रदान करने वाले कर्मचारियों एवं सुरक्षा कर्मियों को यूनिट हेड नितिन जैन द्वारा प्रोत्साहित किया गया। साथ ही निम्बाहेड़ा में आयोजित उपखण्ड स्तरीय गणतन्त्र दिवस समारोह में पाटनी पब्लिक स्कूल की होनहार छात्रा सुश्री रितिषा चेजारा उपखण्ड स्तर पर सम्मानित हुई। वंडर सीमेंट में आयोजित कार्यक्रम मे कम्पनी के उपाध्यक्ष अमित मेहता एवं राजेन्द्र शर्मा सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, अधिकारी, कर्मचारी, स्कुल के अध्यापकगण, आर.के. नगरवासी एवं अभिभावकगण आदि उपस्थित थे।

## नेतन्याहू बोले- गाजा में अमेरिका के कारण हमारे सैनिक मरे:बाइडेन पर हथियारों की सप्लाई रोकने का आरोप लगाया, कहा- अब अपनी हथियार इंडस्ट्री बनाएंगे




बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने आरोप लगाया है कि अमेरिका की वजह से इजराइल के कई सैनिक मारे गए। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक उन्होंने कहा कि हमास के खिलाफ गाजा जंग के दौरान हथियारों और गोला-बारूद की सप्लाई रोक दी गई थी। नेतन्याहू ने मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि इजराइल के पास जरूरी गोला-बारूद खत्म हो गया था, इस वजह से कुछ सैनिकों की जान चली गई। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि इस वजह से कितने सैनिकों की मौत हुई। इजराइली पीएम ने सीधे तौर पर पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन का नाम नहीं लिया, लेकिन कहा कि यह हथियार रोक तब खत्म हुई जब अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प राष्ट्रपति बने। उनके मुताबिक, ट्रम्प के राष्ट्रपति बनते ही इजराइल को फिर से हथियार मिलने लगे। नेतन्याहू ने कहा कि विदेशी सैन्य सहायता पर निर्भरता कम करने के लिए वे एक मजबूत और स्वतंत्र घरेलू हथियार इंडस्ट्री बनाएंगे। नेतन्याहू ने कहा कि युद्ध में सैनिकों की मौत आम बात है, लेकिन कुछ मौतों को टाला जा सकता था। गोला-बारूद की कमी के कारण सैनिकों को घरों में घुसकर लड़ना पड़ा और कई सैनिक मारे गए। लेकिन अब ऐसा दोबारा कभी नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं कि अगले दशक के भीतर इजराइल अमेरिकी सहायता पर निर्भरता कम कर दे। उनका मकसद हथियार के क्षेत्र में ज्यादा स्वतंत्रता हासिल करना है, ताकि कभी भी हथियारों या गोला-बारूद की कमी न हो।

# अविमुक्तेश्वरानंद माघ मेला छोड़कर गए: कहा- बिना स्नान दुखी मन से लौट रहा हूं; जिन्होंने अपमान किया, उन्हें औकात दिखानी होगी

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई, (एजेंसी)।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने प्रयागराज माघ मेला छोड़ दिया है। वह काशी के लिए रवाना हो गए हैं। इससे पहले, उन्होंने बुधवार सुबह प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- आज मन इतना व्यथित है कि हम बिना स्नान किए ही विदा ले रहे हैं।

इस दुख की भरपाई पता नहीं कौन सा नेता आएगा कौन सी पार्टी आएगी जो करेगी। प्रयागराज हमेशा से आस्था और शांति की धरती रही है। श्रद्धा के साथ यहां आया था, लेकिन एक ऐसी घटना हो गई, जिसकी मैंने कभी उम्मीद नहीं की थी। जिन्होंने सनातनी प्रतीकों का अपमान किया है, उन्हें औकात दिखानी होगी।

अब स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का मामला इलाहाबाद हाईकोर्ट पहुंच गया है। वकील गौरव द्विवेदी ने चीफ जस्टिस को लेटर पिटिशन भेजकर मामले की CBI जांच कराने की मांग की है।

माघ मेला 15 फरवरी तक चलेगा। अभी 2 स्नान बचे हैं। माघी पूर्णिमा (1 फरवरी) और महाशिवरात्रि (15 फरवरी)। यानी विवाद के कारण शंकराचार्य ने माघ मेला 18 दिन पहले ही छोड़ दिया। मौनी अमावस्या के दिन शंकराचार्य का प्रशासन से विवाद हुआ, फिर वे बिना स्नान किए लौट गए। इसके बाद उन्होंने बसंत पंचमी के दिन भी स्नान नहीं किया था। अब वे बाकी दोनों स्नान में भी शामिल नहीं होंगे।

शंकराचार्य ने कहा- इस घटना ने मेरी आत्मा को झकझोर दिया। इससे न्याय और मानवता के प्रति मेरा विश्वास कमजोर हुआ है। मैंने कुछ समय का मौन रखकर प्रार्थना भी की कि जिन लोगों ने अपमान किया है, उन्हें दंड मिले। मेरे सम्मान को ठेस पहुंचाने का प्रयास हुआ। इसके पीछे राज्य सरकार जिम्मेदार है।



# ट्रम्पः दूसरा नौसैनिक बेड़ा ईरान की ओर बढ़ रहाः नए समझौते पर सहमति का दबाव बनाया; एक जंगी बेड़ा पहले ही पहुंच चुका है

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के खिलाफ शिकंजा और कसने की तैयारी में है। अमेरिका ईरान के आसपास अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ा रहा है।

मंगलवार को दिए एक भाषण में ट्रम्प ने दावा किया कि अमेरिका का एक और नौसैनिक बेड़ा ईरान की दिशा में आगे बढ़ रहा है। हालांकि, इसकी उन्होंने ज्यादा जानकारी नहीं दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि ईरान को नए समझौते पर सहमत किया जा सकता है।

एक हफ्ते पहले भी ट्रम्प ने इसी तरह का बयान देते हुए कहा था कि एक बड़ा अमेरिकी सैन्य बेड़ा ईरान की तरफ बढ़ रहा है। बीबीसी फारसी की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी युद्धपोत 'USS अब्राहम लिंकन' मिडिल ईस्ट में पहुंच चुका है। USS अब्राहम लिंकन अमेरिकी नौसेना का एक न्यूक्लियर-पावर्ड एयरक्राफ्ट कैरियर है। यह दुनिया के सबसे बड़े और सबसे ताकतवर वॉरशिप में से एक माना जाता है।



ट्रम्प ने एक्सियोस को दिए एक अलग इंटरव्यू में कहा कि ईरान के साथ स्थिति अभी बदल रही है। उन्होंने दावा किया कि ईरान अब बातचीत के लिए तैयार हो सकता है। ट्रम्प ने कहा, 'ईरान के पास वेनेजुएला से बड़ा आर्मडा (बेड़ा) है।' उन्होंने यह भी कहा कि ईरान के अधिकारी कई बार संपर्क कर चुके हैं और वे डील करना चाहते हैं। ट्रम्प का मानना है कि ईरान बात करने के लिए उत्सुक है। एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने पत्रकारों को बताया कि अमेरिका बातचीत के लिए तैयार है। अगर ईरान संपर्क करता है और शर्तें मानता है तो बात होगी। इस महीने अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने समझौते के लिए शर्तें बताई हैं। ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल (2017-2021) में ईरान के साथ 2015 के परमाणु समझौते संयुक्त व्यापक कार्य योजना (JCPOA) से अमेरिका को पूरी तरह बाहर निकाल लिया था। यह समझौता ओबामा प्रशासन के समय में जुलाई 2015 में हुआ था, जिसमें ईरान, अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, रूस, चीन और यूरोपीय संघ शामिल थे। समझौते के तहत ईरान ने अपनी परमाणु गतिविधियों पर कई सख्त सीमाएं लगाई थीं, इसके बदले में ईरान को अमेरिका और अन्य देशों ने लगाए गए आर्थिक प्रतिबंधों में छूट दी, खासकर तेल निर्यात, बैंकिंग और व्यापार पर। इससे ईरान की अर्थव्यवस्था को फायदा हुआ था। ट्रम्प ने चुनाव प्रचार में ही इस समझौते को दुनिया का सबसे खराब समझौता कहा था। उनका कहना था कि यह समझौता ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षा को सिर्फ टालता है, खत्म नहीं करता। ईरान ने समझौते में बुरे इरादे से हिस्सा लिया और पहले अपना परमाणु हथियार कार्यक्रम छिपाया था। उन्होंने कहा था कि समझौता ईरान के अन्य बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम, क्षेत्रीय प्रॉक्सी ग्रुप्स को समर्थन, आतंकवाद और अमेरिकियों की हिरासत पर रोक नहीं लगाता। 8 मई 2018 को ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में जॉइंट कॉन्प्रीहेंसिव प्लान ऑफ एक्शन (JCPOA) से बाहर निकलने की घोषणा की।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जेपी नड्डा और केंद्रीय ऊर्जा मंत्री श्री मनोहर लाल से की मुलाकात



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री श्री जेपी नड्डा एवं केंद्रीय आवासन, शहरी कार्य एवं ऊर्जा मंत्री श्री मनोहर लाल से शिष्टाचार भेंट की।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री श्री नड्डा से मुलाकात के दौरान प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण, आधारभूत स्वास्थ्य ढांचे के विस्तार एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही, उन्होंने प्रदेशवासियों को सुलभ और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के संबंध में भी सार्थक संवाद किया।

मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने केंद्रीय आवासन, शहरी कार्य एवं ऊर्जा मंत्री श्री मनोहर लाल से मेट्रो विस्तार, शहरी यातायात एवं ऊर्जा से जुड़े विभिन्न विषयों को लेकर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में विकसित किए जा रहे बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम एवं नवीन ट्रांसमिशन तंत्र के सुदृढ़ीकरण सहित ऊर्जा क्षेत्र के अन्य पहलुओं पर अहम चर्चा की।

## कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित कृषक कल्याण की दिशा में बजट घोषणाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए – कृषि मंत्री



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ.किरोड़ी लाल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों की खुशहाली और कृषि विकास के लिए विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रभावी संचालन कर रही है। उन्होंने विभाग से संबंधित बजट घोषणाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन के निर्देश दिए, ताकि सरकार की मंशा के अनुरूप किसानों को योजनाओं का समुचित लाभ सुनिश्चित किया जा सके। कृषि मंत्री बुधवार को पंत कृषि भवन, जयपुर में कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की योजनाओं, कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 की बजट घोषणाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

कृषि मंत्री ने कहा कि उन्नत एवं वैज्ञानिक खेती अपनाने वाले प्रगतिशील किसानों के अनुभव अन्य किसानों के लिए प्रेरणास्रोत हैं, जिनसे उत्पादन एवं आय में वृद्धि संभव है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक जिले में प्रगतिशील किसानों के साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएं, ताकि किसान फसल चक्र के अनुरूप उन्नत किस्मों के चयन, फसल प्रबंधन तथा खाद-बीज के संतुलित उपयोग की तकनीकों को अपनाकर उत्पादन बढ़ा सकें। उन्होंने कहा कि कस्टम हायरिंग सेंटर लघु एवं सीमान्त किसानों के लिए ट्रैक्टर, कल्टीवेटर, थ्रेशर सहित आधुनिक कृषि यंत्रों की उपलब्धता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इन केंद्रों की स्थापना एवं संचालन में और अधिक सुगमता तथा गति लाने के निर्देश देते हुए उन्होंने किसानों को अधिकाधिक लाभ पहुंचाने पर विशेष जोर दिया। कृषि मंत्री ने किसानों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए प्रत्येक जिले में जिला स्तरीय जन शिकायत निवारण बैठक के नियमित आयोजन के निर्देश दिए।

## राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाऐं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा-2024 – मुख्य परीक्षा परिणाम में असफल अभ्यर्थियों को प्राप्तांकों की पुनर्गणना का अवसर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा-2024 के मुख्य परीक्षा परिणाम में असफल रहे अभ्यर्थियों (हॉरिजोंटल श्रेणी- विभागीय कर्मचारी, भूतपूर्व सैनिक, उत्कृष्ट खिलाड़ी व दिव्यांग वर्ग के अतिरिक्त) को नियमानुसार प्राप्तांको की पुनर्गणना कराने का अवसर दिया गया है। आयोग सचिव ने बताया कि इस परीक्षा के तहत 8 अक्टूबर 2025 को जारी मुख्य परीक्षा परिणाम में असफल रहे अभ्यर्थियों (उक्त वर्णित श्रेणी व वर्ग के अभ्यर्थियों के अतिरिक्त) को यह अवसर दिया जा रहा है। उक्तानुसार अभ्यर्थी 29 जनवरी से 6 फरवरी 2026 की रात्रि 12 बजे तक पुनः गणना हेतु ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। प्राप्तांकों की पुनः गणना के लिए आयोग की वेबसाइट पर एग्जाम डैशबोर्ड में उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया जा सकेगा। प्राप्तांकों की पुनर्गणना के लिए प्रति प्रश्न 25 रु की दर से शुल्क का ऑनलाइन ही भुगतान करना होगा। ऑफलाइन रूप से प्रस्तुत प्रार्थना-पत्र एवं शुल्क स्वीकार्य नहीं होगा। नियमों में मात्र प्राप्तांकों की पुनर्गणना का ही प्रावधान होने के कारण उत्तर पुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन नहीं किया जाएगा।


## सोना आज 5,734 बढ़कर 1.63 लाख पर पहुंचा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** चांदी-सोने के दाम लगातार तीसरे दिन ऑल टाइम हाई पर हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार आज 28 जनवरी को 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 5,734 रुपए बढ़कर 1,64,635 रुपए पर पहुंच गया है।

दो दिन में सोना 10,335 महंगा हुआ है। इससे पहले सोने का भाव 23 जनवरी को 1,54,310 रुपए/10g था। वहीं एक किलो चांदी आज 17,257 रुपए बढ़कर 3,61,821 रुपए किलो पर ओपन हुई। हालंकी शाम तक यह 13,703 रुपए बढ़कर 3,58,267 पर बंद हुई है। दो दिन में चांदी की कीमत 40,562 रुपए महंगी हुई है। इससे पहले शुक्रवार को इसकी कीमत 3,17,705 रुपए किलो थी। इस साल अब तक सिर्फ 28 दिन में ही ये 1.29 लाख रुपए महंगी हो चुकी है। इस साल जनवरी के 28 दिन में ही चांदी 1,27,847 रुपए महंगी हो गई है। 31 दिसंबर 2025 को एक किलो चांदी की कीमत 2,30,420 रुपए थी, जो अब 3,58,267 रुपए प्रति किलो पहुंच गई है। वहीं सोने की कीमत 30,632 रुपए बढ़ चुकी है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,33,195 रुपए का था, जो अब 1,64,635 रुपए हो गया है। ग्लोबल टेंशन और 'ग्रीनलैंड' विवादः अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की जिद और इस मुद्दे पर यूरोपीय देशों को टैरिफ की धमकी ने वैश्विक बाजारों बाजारों अस्थिरता बढ़ गई है। जब भी दुनिया में ट्रेड वॉर का खतरा बढ़ता है, निवेशक शेयर बाजार से पैसा निकालकर सुरक्षित निवेश यानी सोने की ओर भागते हैं।

## जेल में इमरान खान पर अंधे होने का खतरा:PTI बोली- पूर्व PM को तुरंत इलाज की जरूरत, देर हुई तो रोशनी खो देंगे



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की सेहत को लेकर उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (PTI) ने गंभीर चेतावनी दी है। पाकिस्तानी अखबार DAWN की रिपोर्ट पार्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर बयान जारी कर कहा है कि अगर इमरान खान को तुरंत और सही इलाज नहीं मिला, तो उनकी एक आंख की रोशनी स्थायी रूप से जा सकती है और वे अंधे भी हो सकते हैं। PTI के मुताबिक इमरान खान की दाहिनी आंख में सेंट्रल रेटिनल वेन ऑक्लूजन (CRVO) नाम की बीमारी पाई गई है। जेल में डॉक्टरों की जांच में इस बीमारी को बेहद गंभीर और संवेदनशील बताया गया है। पार्टी ने कहा कि मेडिकल एक्सपर्ट्स की राय में सही इलाज नहीं मिलने पर इमरान की आंखों की रोशनी हमेशा के लिए जा सकती है। पाकिस्तानी अखबार DAWN की रिपोर्ट के मुताबिक पार्टी का आरोप है।

# अभिषेक शर्मा लगातार 6 महीने से टी-20 के टॉप बैटर:कप्तान सूर्या की एक महीने बाद टॉप-10 में वापसी, ऑलराउंडर्स में हार्दिक तीसरे नंबर पर

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई, (एजेंसी)।** टीम इंडिया के ओपनर अभिषेक शर्मा ICC की रैंकिंग में लगातार छह महीने से नंबर वन बैटर बने हुए हैं। बुधवार को जारी रैंकिंग में 929 अंकों के साथ वह नंबर वन पर हैं। अभिषेक पहली बार 30 जुलाई 2025 को नंबर–1 बैटर बने थे।

अभिषेक ने न्यूजीलैंड के खिलाफ जारी टी-20 सीरीज के पहले मैच में 84 और तीसरे 68* रन की पारी खेली थी। वहीं, टीम इंडिया के टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने एक बार फिर टॉप-10 में जगह बना ली है। इस हफ्ते उन्हें पांच स्थान का फायदा मिला है। वह 717 रेटिंग अंकों के साथ सातवें नंबर पर पहुंच गए हैं। सूर्या दिसंबर पर टॉप–10 से बाहर हुए थे। न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में पिछले दो मैचों में सूर्या ने लगातार दो अर्धशतक लगाए थे और दोनों मैच में नाबाद रहे।

भारत के तिलक वर्मा 781 अंकों के साथ तीसरे नंबर पर बने हुए हैं। ऑलराउंडर्स में हार्दिक पंड्या तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं।

बुमराह को चार स्थान का फायदा टी-20 वर्ल्ड कप की शुरुआत से ठीक 10 दिन पहले यह भारत के लिए सकारात्मक संकेत है। न्यूजीलैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद कई




अन्य भारतीय खिलाड़ियों की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है, जिससे टीम इंडिया को बड़ा मनोबल मिला है। स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने टी-20 बॉलर्स रैंकिंग में चार स्थान की छलांग लगाई है। तीसरे टी-20 मुकाबले में कीवी टीम के खिलाफ तीन विकेट लेने के बाद बुमराह अब 13वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं, वरुण चक्रवर्ती पहले दो मैचों में कुल तीन विकेट लेकर रैंकिंग में पहले नंबर पर बने हुए हैं।

ऑलराउंडर्स रैंकिंग में हार्दिक एक स्थान ऊपर आए टी-20 ऑलराउंडर्स रैंकिंग में भारतीय खिलाड़ियों को भी फायदा हुआ है। हार्दिक पांड्या एक स्थान की छलांग लगाकर तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं, जबकि शिवम दुबे ने छह पायदान की बढ़त के साथ 11वां स्थान हासिल किया है। इस लिस्ट में जिम्बाब्वे के अनुभवी खिलाड़ी सिकंदर रजा टॉप पर बरकरार हैं।

शिवम दुबे ने 23 बॉल पर 65 रन की पारी खेली। जबकि रिंकू सिंह ने 39 और संजू सैमसन ने 24 रन बनाए। न्यूजीलैंड से कप्तान मिचेल सैंटनर ने 3 विकेट झटके। जबकि जैकब डफी और ईश सोढ़ी को 2-2 विकेट मिले। एक-एक विकेट मैट हेनरी और जैक फाउलकस के खाते आए। एक बैटर रनआउट हुआ।

इससे पहले टॉस हारकर बैटिंग करते हुए न्यूजीलैंड ने 7 विकेट खोकर 215 रन बनाए। टिम साइफर्ट ने 62 और डेवोन कॉन्वे ने 44 रन बनाए। कुलदीप यादव और अर्शदीप सिंह को 2-2 विकेट मिले।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।